ज्ञान तो सदा मुफ़्तमें नहीं मिलता। मेरी निश्चित धारणा है कि मैंने धन देकर ही ज्ञान प्राप्त किया है। ऐसोंका ज्ञान पाण्डित्य पूर्ण है ॥४॥

विशेषार्थ—ऊपरकी पंक्तियोंसे यह स्पष्ट विदित होता है कि केशववर्णीके समकालीन कोई विद्वान् उसकी विद्वत्ताको वक्रदृष्टिसे देखनेवाला था। वह व्यक्ति आगेके पद्य (नं. ५) में सूचित गोपण्ण ही शायद हो। लेकिन अपनी गोम्मटसारकी टीकाके अन्तिम भागमें इस अंशका उल्लेख करनेका औचित्य क्या था यह एक कुतूहलकी बात मनमें रह जाती है। शायद उसका आशय यह रहा होगा कि वह अपने प्रतिस्पर्धियोंकी सत्त्वपरीक्षामें खरा उतरा है और अगाध पाण्डित्यवाला है ॥४॥

दुरात्मा गोपणगने मुझे मारनेके लिये मन्त्राक्षत स्वीकारनेके लिये कहा। आखिर वही दोषी ठहराया जाकर जिनागमको त्यागकर केशवण्णको (मुझे) छोड़कर चला गया। उसकी हार हुई ॥५॥

विशेषार्थ—ऊपरके पद्यसे यह वार्ता स्पष्ट हो जाती है कि गोपण्ण नामका समकालीन व्यक्ति था जिसका सम्बन्ध केशवण्णके साथ मधुर नहीं था। साथ ही जैनागमके ज्ञाता गोपण्ण जैसे व्यक्तिने अपने ऊपर जो झूठा अपवाद लगाया है उसकी चोटका दुःख भी केशवण्णको था। लेकिन स्पष्ट था कि वह अपवाद बेबुनियाद था ॥५॥

सुपार्श्वमनघं चन्द्रप्रभं त्रिभुवनाधिपम्। पुष्पदन्तं जगत्सारं वन्दे तद्गुणसिद्धये ॥३॥
शीतलं सुखसाद्भूतं पुण्यमूर्ति नमाम्यहम्। श्रेयान्सं वासुपूज्यं च केवलज्ञानसिद्धये ॥४॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

[मत्तेभविक्रीडित वृत्त :]

पोणर्द्दों धूर्त्तजनोपसर्गमनिशं बेंबत्ते बेंबोळवा-
नोणद्दें गोम्मटसार वृत्तियनिदं कर्न्नाटवाक्यंगळि ।
प्रणुतद्धींधनरुं बहुश्रुतरिदं तिद्दिबुधर्द्धर्म्मभू-
षणभट्टारकदेवराज्ञेयनिदं संपूर्णमं माडिदें ॥६॥
नेरेदु शकाब्दमिदुवसुनेत्रशशिप्रमितं(१२८१)गळागि सं- ।
विरुतिरेयुं विकारिवरवत्सरचैत्रविशुद्ध पक्ष भा-
सुरतरपंचमीदिवसदंदिदु गोम्मटसारवृत्ति भा-
स्करनोगेदं विनेयजनहृत्सरसिजमनुरुळलच्चुतं ॥७॥

यो गुणैर्गणभृद्गीतो भट्टारकशिरोमणिः । भक्त्या नमामि तं भूयो गुरुं श्रीज्ञानभूषणम् ॥६॥
कर्णाटप्रायदेशेशमल्लिभूपालभक्तितः । सिद्धान्तः पाठितो येन मुनिचन्द्रं नमामि तम् ॥७॥

यद्यपि धूर्त जनोंने सदा उपद्रव मचाया फिर भी बिना डरे मैंने उसका सामना किया और धर्मभूषण भट्टारक देवकी आज्ञा पाकर गोम्मटसारकी कन्नड भाषामें टीका रची। इसमें यदि कोई त्रुटि रह जाय तो श्रुतपारंगत विद्वान् पण्डितगण उसको ठीक बनानेका अनुग्रह करें ॥६॥

विशेषार्थ—कृति निर्माण कालमें केशवण्णने स्वयं जिन समस्याओंका सामना किया था, यहाँ उसका उल्लेख किया है। वह कहता है कि मैंने अपवादोंको जीत लिया और इस कृति रचनामें मुझे मेरे गुरु धर्मभूषण भट्टारककी कृपाका अनुग्रह प्राप्त हुआ है। इन सब बातोंसे स्पष्ट है कि केशवण्णको कृतिरचनामें अनेकों कष्ट सहने पड़े, फिर भी गुरुके अनुग्रहसे उनने ग्रन्थको सम्पूर्ण किया। यहाँ केशवण्णकी बातोंमें विनयपूर्ण आत्मविश्वासकी झलक दीख पड़ती है ॥६॥

यह पद्यकृति रचनाकारकी न होकर प्रतिलिपिकारकी जान पड़ती है। प्रसिद्ध शालिवाहन शक वर्ष इन्दु-वसु-नेत्र-शशि (१८२१ उलटा करें तो १२८१ में) के विकारि संवत्सरके चैत्र शुदी पंचमीके शुभ दिनमें इस गोम्मटसारकी कर्नाटक वृत्तिको शिष्योंके हृदयको प्रफुल्लित करनेवाले श्रीभास्करने सम्पूर्ण किया ॥७॥

विशेषार्थ—इस गोम्मटसार वृत्तिकी प्रतिलिपि शालिवाहन शक संवत् १२८१ के विकारि संवत्सरके चैत्र शुक्ल पंचमीके पवित्र दिन भास्करने लिखकर पूर्ण किया ॥७॥

विमलं निर्जितानङ्गं प्राप्तानन्तचतुष्टयम् । अनन्तं धर्मनाथं च वन्दे स्वात्मोपलब्धये ॥५॥
शान्तिनाथं च कुन्थुं च अरं चैवाप्तमाम्यहम् । यथारूपातगुणोपेतान् यथाख्यातप्रसिद्धये ॥६॥
नेमिनाथं च पार्श्वं च वर्धमानं जिनेश्वरम् । त्रिकालमभिवन्देऽहं नवक्षायिकलब्धये ॥७॥
त्रिकालगोचराः सर्वेऽप्यर्हत्सिद्धसाधवः । निःश्रेयसपदं दद्युः शरणं तममङ्गलम् ॥८॥
यमाराध्यैव भव्यौघाः प्राप्ताः कैवल्यसम्पदः । शाश्वतं पदमापुस्तं मूलसंघमुपाश्रये ॥९॥
तत्र श्रीशारदागच्छे बलात्कारगणोऽन्वयः । कुन्दकुन्दमुनीन्द्रस्य नन्द्याम्नायचक्रतारकम् ॥१०॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नाभेयमजितं देवं शंभवं भवतारकं । घातिकर्म्मप्रणाशाय प्रणमाम्यहमादरात् ॥
अभिनंदनमानंदरूपं सुमतिमच्युतं । पद्मप्रभं प्रभुं वंदे रत्नत्रयविशुद्धये ॥
सुपार्श्वमनघं चंद्रप्रभं त्रिभुवनाधिपम् । पुष्पदन्तं जगत्सारं वंदे तद्‍गुणसिद्धये ॥
शीतलं सुखसाद्‍भूतपुण्यमूर्त्ति नमाम्यहम् । श्रेयांसं वासुपूज्यं च केवलज्ञानसिद्धये ॥
विमलं निर्ज्जितानंगं प्राप्तानंतचतुष्टयम् । अनंतं धर्म्मनाथं च वंदे स्वात्मोपलब्धये ॥
शांतिनाथं च कुंथुं च अरं चेशान्नमाम्यहम् । षट्‍खंडवसुधाचक्रधर्म्मचक्रप्रणायकान् ॥
मल्लि सुव्रततीर्थेशं नमिं भक्त्या नमाम्यहम् । यथाख्यातगुणोपेतान्यथाख्यातप्रसिद्धये ॥
नेमिनाथं च पार्श्वं च वर्द्धमानं जिनेश्वरम् । त्रिकालमभिवंदेऽहं नवक्षायिकलब्धये ॥
श्रीपंचगुरुभ्यो नमः । श्रीमल्लिनाथाय नमः ॥ * ॥ * ॥ * ॥
श्रीमच्चौंडरसुपाध्याय सुपुत्र समंतभद्रदेवानां ग्रंथः परिसमाप्तोऽयं ॥

ज्ञाता धरघ्नागतवर्षयुक्ता पापोनितास्याच्छककालसंख्या ।
चालुक्ययुक्ता मुनिचित्रसमेता श्रीवर्द्धमानस्य समा भवेयुः ॥
श्रीमद्वंशसमुद्भवाः प्रविलसद्वृत्तोज्ज्वला निर्म्मलाः
प्रांचत्कांतिभरास्सदाप्तरुचयो भव्याः सुसेव्याः सतां ।
ये ते लोकशिरोमणित्वमधिकं संप्राप्य मुक्तोपमा (मुक्ता इवाऽऽ-)
भांतु स्वात्यमलामृतोदयभवैर्भास्वद्‍गुणैर्भूषिताः ॥

योऽभ्यर्थ्य धर्मवृद्धयर्थं मह्यं सूरिपदं ददौ । भट्टारकशिरोरत्नं प्रभेन्दुः स नमस्यते ॥८॥
त्रिविद्यविद्याविख्यातविशालकीर्तिसूरिणा । सहायोऽस्यां कृतौ चक्रेऽधीता च प्रथमं मुदा ॥९॥
सूरेः श्रीधर्मचन्द्रस्याभयचन्द्रगणेशिनः । वणिलालादिभव्यानां कृते कर्णाटवृत्तितः ॥१०॥
रचिता चित्रकूटे श्रीपार्श्वनाथालयेऽमुना । साधसांगासहेसाभ्यां प्रार्थितेन मुमुक्षुणा ॥११॥

तत्र श्रीमज्जिनधर्माम्बुधिवर्धनपूर्णचन्द्रायमानश्रीज्ञानभूषणभट्टारकशिष्येण सौगतसांख्यकणादभिक्षिवक्षुपादप्रभाकरादिपरवादिगजगंडभेरुंडप्रभाचन्द्रभट्टारकदत्ताचार्यपदेन त्रैविद्यविद्यापरमेश्वरमुनिचन्द्राचार्यमुखात् कर्णाटदेशाधिनाथप्राज्यसाम्राज्यलक्ष्मीनिवासजैनोत्तममल्लिभूपालयत्नादधीतसिद्धान्तेन वणिलालाविहिताग्रहाद् गौर्जरदेशाच्चित्रकूटजिनदाससाहनिर्मापितपार्श्वप्रभुप्रासादाधिष्ठितेनामुना नेमिचन्द्रेणाल्पमेधसाऽपि भव्यपुण्डरीकोपकृतीहानुरोधेन सकलज्ञातिशेखरायमाणखंडेलवालकुलतिलक-साधुवंशावतंसजिनधर्मोद्धरणधुरीणसाहसांगसाहसहसाविहितप्रार्थनाधीनेन विशदत्रैविद्यविद्यास्पदविशालकीर्तिसहायादियं यथाकर्णाटवृत्ति व्यरचि ।

यावच्छ्रीजिनधर्मश्चन्द्रादित्यौ च विष्टपं सिद्धाः ।
तावन्नन्दतु भव्यैः प्रपाठ्यमाना त्वियं वृत्तिः ॥
निग्रन्थाचार्यवर्येण त्रैविद्यचक्रवर्तिना ।
संशोध्याभयचन्द्रेणालेखि प्रथमपुस्तकः ॥

॥ इत्यभयनन्दिनामाङ्कितायाम् ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

श्रीसर्व्वज्ञसुबोधवज्रतलभाक् स्यात्कार तीरोद्गुरो
गंभीरो वरनेमिचंद्रविसरद्वाक्चंद्रिकावर्द्धितः ।
विस्तीर्णो गुणरत्नभूषणभरस्सारार्थपूर्णो महा-
न्नित्यं गोम्मटसारसंज्ञितसुधांभोधिश्शिवायास्तु वः ॥
श्रीमद्धर्म्मसुधासमुद्रविजयोल्लासस्तमस्तोमभित्
भास्वद्भव्यचकोरसम्मदकरः प्रध्वस्ततापोत्करः ।
प्रांचत्पंचसुसंग्रहस्त्रिभुवनोद्योती सदानंदनो
जीयाद्भासुरबोधमाधवबलश्रीनेमिचंद्रोदयः ॥

गोम्मटसारवृत्तिर्हि नव्याद्भव्यैः प्रवर्तिता । शोधयन्त्वागमात् किञ्चित् विरुद्धं चेद् बहुश्रुताः ॥१२॥
निर्ग्रन्थाचार्यवर्येण त्रैविद्यचक्रवर्तिना । संशोध्याभयचन्द्रेणालेखि प्रथमपुस्तकः ॥१३॥

इत्याचार्यश्रीनेमिचन्द्रकृतायां गोम्मटसारापरनाम पञ्चसंग्रहवृत्तौ कर्मरचनास्वभावो नाम
नवमोऽध्यायः समाप्तः ।

संस्कृत टीकाकारकी प्रशस्तिका आशय

चौबीस तीर्थंकरोंको नमस्कार करनेके पश्चात् टीकाकार कहते हैं—जिसमें रत्नत्रयके द्वारा पूज्य अर्हन्तपदको प्राप्त करके मोक्ष जाते हैं वह मूल संघ जयवन्त हो। उसके सरस्वती-गच्छमें बलात्कारगण है। उसमें कुन्दकुन्द मुनीन्द्रका नन्दिसंघ है वह भी जयवन्त होओ। मैं अपने गुरु भट्टारक शिरोमणि ज्ञानभूषणको भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ। कर्णाट देशके मल्लि राजाकी भक्तिसे जिसने मुझे जिनागम पढ़ाया है उन मुनिचन्द्रको नमस्कार करता हूँ। जिनने धर्मवृद्धिके लिए मुझे सूरिपद दिया उन प्रभाचन्द्र भट्टारकको नमस्कार करता हूँ। त्रैविद्य विशालकीर्ति सूरिने इस टीकाके रचनेमें सहायता की और बड़े हर्षसे प्रथम उसे पढ़ा। यह टीका चित्रकूटमें श्री पार्श्वनाथ जिनालयमें धर्मचन्द्र सूरि अभयचन्द्र भट्टारक वर्णीलाला आदि भव्य जीवोंके लिए साधुसांग और सहेसकी प्रार्थनापर कर्णाट-वृत्तिसे रची।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्टः

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गोम्मटसार ग्रन्थकी गणितात्मक प्रणाली

षट्खण्डागम ग्रन्थ सम्भवतः ईसाकी दूसरी सदीमें आचार्य पुष्पदन्त एवं भूतबलिकी अद्भुत कृति है। इसमें-से प्रथम पाँच खण्डोंपर नवीं सदीमें आचार्य वीरसेन द्वारा विशाल धवला नामक टीका रची गयी। छठा खण्ड महाधवलके नामसे भी विख्यात है और महाबन्ध कहलाता है। ग्यारहवीं सदीमें नेमिचन्द्राचार्यने इन ग्रन्थोंके गणितीय सार रूप गोम्मटसार जीवकाण्ड तथा कर्मकाण्ड रूपमें रचना की। इन्हीं ग्रन्थोंकी केशववर्णी कृत कर्णाटवृत्ति जीवतत्त्वप्रदीपिका विलक्षण प्रतीकोंसे भरी हुई है और गणितज्ञोंके लिए अभूतपूर्व सामग्री प्रदान करती है।

इस टीकाके अतिरिक्त एक अपूर्ण टीका मन्दप्रबोधिका है और पण्डित टोडरमल कृत सम्यग्ज्ञान-चन्द्रिका है। पण्डित टोडरमलने अन्तःप्रज्ञासे अनेक प्रतीकोंके अर्थ समझनेका प्रयास किया, तथा अर्थ संदृष्टि अधिकार उक्त टीकाके अतिरिक्त निर्मित किया, जिसमें उन्होंने प्रायः प्रत्येक कठिन प्रतीकबद्ध पदको सरल वाक्यों या शब्दों द्वारा समझाया है। यह कार्य अठारहवीं सदीमें सम्पूर्ण किया गया।

प्रस्तुत निबन्धमें पण्डित टोडरमलके अभिप्रायकी सिद्धिके लिए उन्हींकी रचनाके आधारपर लोकोत्तर प्रमाणकी गणितात्मक प्रणालीको सरलतापूर्वक समझाया गया है। आशा है कि इसके द्वारा न केवल शोधार्थी अपितु जिज्ञासु मुमुक्षु भी लाभान्वित हो सकेंगे। इसके साथ ही विभिन्न पारिभाषिक शब्दोंके लक्षणके पठन-पाठन हेतु यहाँ प्रायः सभी गणितीय परिभाषाएँ दे दी गयी हैं। संदृष्टियोंके प्रयोग भी निर्दिष्ट कर दिये गये हैं। इस प्रकार प्रारम्भिक रूप से लेकर आवश्यक गणितीय सामग्रीको समझाते हुए, शोधार्थी अथवा मुमुक्षुको लब्धिसारकी बड़ी टीकामें गति हेतु तैयारी कराने का भी अवसर प्राप्त हो सकेगा।

§ १. भूमिका

किसी भी गणितीय प्रणालीमें अध्ययनके पूर्व उसमें प्रविष्ट प्रतीकोंकी जानकारी आवश्यक है। गोम्मटसारादि ग्रन्थोंकी टीकाओंमें इस प्रणालीके सार संक्षेपरूप अध्ययन हेतु, साथ ही उन्हें स्मरण रखने हेतु प्रतीकमय सामग्री निर्मित की गयी, जो पूर्ववर्ती ग्रन्थोंमें उपलब्ध नहीं है। तिलोयपण्णत्ती जैसे ग्रन्थोंमें कुछ प्रतीकबद्ध सामग्री है और कुछ धवला टीका ग्रन्थोंमें भी उपलब्ध होती है। किन्तु विशाल पैमाने पर यह सामग्री अंक संदृष्टि, अर्थ संदृष्टि तथा रेखा संदृष्टि रूपमें केशववर्णीकी कर्णाटकीटीकामें दृष्टिगत होती है। इसी प्रकार लब्धिसार क्षपणासारकी टीकामें सम्भवतः माधवचन्द्र त्रैविद्य तथा ज्ञानभूषणके शिष्य नेमिचन्द्र (१६ वीं सदी) द्वारा जो संदृष्टि प्रयोग हुआ वह भी विलक्षण है और विशेषकर धर्मके मर्मको कर्मके गणित द्वारा प्रकट करता प्रतीत होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सर्व प्रथम ऐसे समस्त प्रतीकोंका स्वरूप दिखाना आवश्यक होनेसे उन्हें मूल रूपमें प्रस्तुत करना लाभप्रद होगा। साथ ही ऐसे प्रतीक उनके स्थानमें लेना आवश्यक होगा जो उनके स्थानमें अगले गहरे अध्ययनमें उपयोगी हों। ऐसे नवीन कार्यकारी प्रतीकोंको आधुनिक गणित के तारतम्यमें रखना भी अनिवार्य है, क्योंकि प्राचीन सामग्रीका प्रायोगिक रूप इसी आधारपर निखर सकेगा।

इसके पूर्व जो महत्त्वपूर्ण आधार है वह वैकल्पिक (Abstract) इकाइयोंको लेकर बनता है। प्रारम्भ परमाणुसे करते हैं जो अविभागी पुद्गल है और जो विश्राम अवस्थामें जितनी जगह घेरता है उसे प्रदेश कहते हैं। प्रदेशोंके आधारपर, उनकी सूचि, प्रतर अथवा घनमें समाये नये क्षेत्रमान स्थापित करता हैं जो उपमा मानके लिए आधारभूत हैं। इस प्रकार अंगुल, जगश्रेणीके उक्त तीनों रूप किसी भी राशि की गणात्मक संख्याका प्रतिनिधित्व अथवा निर्वाचन करते हैं। निश्चयकालकी पर्यायको समय कहते हैं, जो व्यवहारकालकी सर्वल्पितम इकाई हैं। इसे दूसरी तरह भी परिभाषित करते हैं। जितने कालमें कोई परमाणु दूसरे संलग्न परमाणु-प्रदेशका मन्दतम गतिसे अतिक्रमण करता है, उसे एक समय कहते हैं। इसी एक समयमें तीव्रतम गतिसे चलायमान परमाणु चौदह राजु गत प्रदेशोंका अतिक्रमण कर सकता है। इस प्रकार समय राशियोंसे पल्य तथा सागरके कालमान स्थापित करते हैं और उनका उपयोग अन्य अज्ञात राशियोंकी गणात्मक संख्याका निरूपण या प्रतिनिधित्व करनेमें होता है। यह कालमान भी उपमामान कहलाता है।

दूसरा मान संख्यामान है जिसमें गणना द्वारा संख्येय, असंख्येय तथा अनन्तकी अनेक प्रकारकी क्रमात्मक राशियाँ उत्पन्न कर उनके द्वारा अनेक अज्ञात राशियोंके द्रव्य प्रमाणको स्थापित करते हैं। इस प्रकार किसी भी अध्ययन योग्य राशिको द्रव्य प्रमाण, क्षेत्र प्रमाण और काल प्रमाणसे तौलते हैं तथा भाव प्रमाणमें स्थापित करते हैं। भावका तात्पर्य ज्ञानके उतने अविभाग-प्रतिच्छेद-राशिसे है जो केवल ज्ञान अविभागी प्रतिच्छेद राशिकी एक उपराशि ही होती है। सभी राशियाँ केवलज्ञानकी अविभागी प्रतिच्छेद राशिमें समायी हुई होती हैं और उससे छोटी ही होती हैं।

यहाँ अविभागी प्रतिच्छेद का अर्थ समझ लेना आवश्यक है। गुणोंमें गुणांशका विकल्प अविभागी प्रतिच्छेदको जन्म देता है। वैसे भी पुद्गल पदार्थको छेदते हुए अविभागी प्रतिच्छेदकी कल्पना वीरसेनाचार्यने धवल ग्रन्थ (पु. ४) में की है, जहाँ लोकके आयतनका छेदा है। कर्म सिद्धान्तके अध्ययनमें भी एक और विकल्प है जो परमाणुओंके स्निग्ध-रुक्ष स्पर्शके अविभागी प्रतिच्छेदोंसे परे है। वह है अनुभागके अविभागी प्रतिच्छेदकी कल्पना जिसका सम्बन्ध स्निग्ध-रुक्ष स्पर्शके अविभागी प्रतिच्छेदोंसे जोड़ा जा सकता है, पर स्पष्ट है कि दोनों तादात्म्य सम्बन्ध नहीं रखते होंगे। यदि हो तो उसे सिद्ध किया जाये।

इस प्रकार विभिन्न प्रमाणोंका वर्णन सिद्धान्त ग्रन्थोंमें है और उन्हें संदृष्टियों द्वारा दर्शाया गया है। उन्हें ठीक रूपमें समझने हेतु पण्डित टोडरमलने अलगसे अर्थ संदृष्टियोंपर दो अधिकार लिखे थे। एक गोम्मटसार जीवकाण्ड कर्मकाण्ड प्रकरणपर है तथा दूसरा लब्धिसार क्षपणासार प्रकरणपर है। इन्हीं अधिकारोंके आधार पर संदृष्टियोंका स्पष्टीकरण करेंगे ताकि विभिन्न कर्म सिद्धान्त सम्बन्धी गणितीय प्रणाली-का रूप समझा जा सके। संदृष्टि कभी-कभी एक ही होते हुए भी भिन्न-भिन्न प्रकरणोंमें भिन्न-भिन्न अर्थ प्ररूपित करती है। अतएव अंक, अर्थ एवं आकाररूप संदृष्टियोंको बड़ी सावधानीसे समझ लेनेपर कर्म सिद्धान्त का अधिकांश भाग स्मृतिमें रखना सरल हो जाता है। साथ ही अनेक प्रकरणोंका आधुनिक गणितसे तुलनात्मक अध्ययन भी सम्भव हो जाता है। यह भी प्रकट हो जाता है कि इन संदृष्टियोंमें क्या सुधार किया जाये ताकि आधुनिक ढंगसे गणित पढ़नेवाले कर्म सिद्धान्तकी गणितीय प्रणालीको भलीभाँति समझकर उसके प्रायोगिक रूप पर अनुसन्धान भी कर सकें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

§ २. संदृष्टियों का स्पष्टीकरण

विवक्षित द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावोंके जो प्रमाण आदि हैं उसे अर्थ कहते हैं। अर्थकी संदृष्टि अथवा सहनानीको अर्थ संदृष्टि कहते हैं।

शब्दोंके द्वारा अंकोंका बोध भी कराया जाता है। यथा : विधु = १, निधि = ९, अन्तरिक्ष = ०, इन्द्रिय = ५, करणीय = ५, कर्मन् = ८, कषाय = ४, गति = ४, जिन = २४, तत्त्व = ७, दिक् = ८, द्रव्य = ६, नय = २, पदार्थ = ९, रत्न = ३, (रत्न = ९ भी), रस = ६, लब्धि = ९, वर्ण = ५, व्यसन = ७, व्रत = ५, इत्यादि। विशेष वर्णनके किए महावीराचार्य कृत गणितसार संग्रह (शोलापुर, 1963) देखा जा सकता है।

अक्षरोंके द्वारा भी कहीं-कहीं अंकोंका निरूपण किया जाता है। इनमें एक पद्धति कटपयादि है।

कटपयपुरस्थवर्णैर्नवनव पंचाष्टकल्पितैः क्रमशः।
स्वर ञन शून्यं संख्यामात्रोपरिमाक्षरं त्याज्यं ॥

अर्थात्, निम्नरूपमें क आदि अक्षरों द्वारा संख्याओंका निरूपण होता है—

क	ख	ग	घ	ङ			च	छ	ज	झ	ञ	
१	२	३	४	५			६	७	८	९	०	
ट	ठ	ड	ढ	ण			त	थ	द	ध	न	
१	२	३	४	५			६	७	८	९	०	
प	फ	ब	भ	म	य	र	ल	व	श	ष	स	ह
१	२	३	४	५	१	२	३	४	५	६	७	८
अ	आ	इ	ई	उ	ऊ		ऋ	ॠ	ऌ	ॡ	ए	ऐ
०	०	०	०	०	०		०	०	०	०	०	०
			ओ	औ	अं		अः					
			०	०	०		०					

अक्षरकी मात्रा ऊपर कोई अक्षर होनेका भी कोई प्रयोजनीय अर्थ नहीं होता है।

प्रभृति अथवा इत्यादिको निर्दर्शित करनेके लिए = चिह्नका उपयोग हुआ है। उदाहरणार्थ ६५ = का अर्थ पणट्ठी अथवा ६५५३६ अथवा $(२)^{२^{४}}$ है। यह $२^{१६}$ का मान है। इसी प्रकार बादालको ४२ = द्वारा प्ररूपित किया जाता है जिसका मान $(२)^{२^{५}}$ अथवा $(२)^{३२}$ है। इसी प्रकार एकट्ठी अथवा १८ = का मान $(२)^{२^{६}}$ अथवा $(२)^{६४}$ है। जघन्यको भी ज = लिखा जाता है।

कर्मस्थिति रचनामें बीचकी संख्याओंको दर्शानेके लिए बिन्दुओं अथवा शून्योंका प्रयोग किया जाता है। यदि आदि निषेककी संख्या ५१२ हो और अन्तनिषेकको ९ द्वारा प्ररूपित किया गया हो तो बीचके निषेकोंका इसी प्रकार निदर्शन है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

९　कहीं नामका आदि अक्षर ही संदृष्टि बन जाता है। यथा लक्षके ल, कोटिके लिए को,
०　जघन्यके लिए ज, इत्यादि। लक्ष कोटिको ल को, जघन्य ज्ञानको ज ज्ञा द्वारा निरूपित
०　करते हैं।
०　इसी प्रकार कोटाकोटिके लिए को २ (अर्थात् कोटिवर्ग) द्वितीय मूलके लिए
५१२　मू २ (अर्थात् किसी राशिके वर्गमूलका वर्गमूल) प्रयुक्त है। अंतःकोटाकोटिको

१४

अं को२ द्वारा निरूपित करते हैं जिसका अर्थ १ और (१०) के बीच स्थित कोई भी प्राकृत संख्या होता है। ६५००० को लिखने हेतु ६ ५ ० का उपयोग किया गया. यह बिन्दु बढ़ानेकी

३

प्रक्रियाके लिए नवीन संकेतनाका उपयोग है। इसी प्रकार तिलोयपण्णत्ती (९, १२४–२४) में

८

९० । ९६ । ५०० । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । ८ । का अर्थ (१०००) (९६) (५००) (८) है।

अब संख्यामान संबंधी प्राचीन संकेतोंका उल्लेख करेंगे—संख्यातको १ द्वारा, असंख्यातको a द्वारा, और अनन्तको ख द्वारा प्ररूपित किया जाता रहा है। इसी प्रकार जघन्य संख्यातके लिए २, उत्कृष्ट संख्यातके लिए १५, जघन्य परीत असंख्यातके लिए १६ सहनानी रूप है। आवलीकी सहनानी भी

२ है। उत्कृष्ट परीत असंख्यातके लिए २ अथवा आवली ऋण एक संकेत है। जघन्य युक्त असंख्यात भी आवलीके समान २ संकेत द्वारा निरूपित होता है। वह उत्कृष्ट परीत असंख्यातसे एक अधिक है।

उत्कृष्ट युक्ता संख्यातकी सहनानी ४ है, अर्थात् प्रतरावली ऋण एक। यह जघन्य असंख्यात असंख्यातसे एक कम है, क्योंकि यह प्रतरावली मात्र अथवा ४ है जो आवलीका वर्ग है। घनावलीका संकेत ८ है। यह आवली समय राशिका घन करनेपर प्राप्त होती है।

उत्कृष्ट असंख्यात असंख्यात की सहनानी २५६ है। यह जघन्य परीतानन्तसे एक कम है। जघन्य परीतानन्तका संकेत २५६ है। उत्कृष्ट परीतानन्तकी सहनानी ज जु अ है। जघन्य युक्तानन्तका संकेत ज जु अ है। वर्ग का संकेत व है। इस प्रकार उत्कृष्ट युक्तानन्तका संकेत ज जु अ व है। यह जघन्य अनन्तानन्तसे एक कम है क्योंकि जघन्य अनन्तानन्तका संकेत ज जु अ व है। जघन्य अनन्तानन्त वास्तवमें जघन्ययुक्त अनन्तका वर्ग होता है।

अब निम्नलिखित सहनानियाँ प्रकृत रूपमें सरलतासे समझी जा सकती हैं—

सम्पूर्ण जीव राशि	१६	: स्पष्ट है कि संसारी जीवराशि और सिद्ध जीव मिलकर सम्पूर्ण जीवराशि बनती है।
संसारी जीव राशि	१३	
सिद्ध जीव राशि	३	
पुद्गल परमाणु राशि	१६ ख	: स्पष्ट है कि यह राशि सम्पूर्ण जीव राशिसे अनन्त गुणी है।
काल समय राशि	१६ ख ख	: यहाँ काल समय राशि पुद्गल परमाणु राशिसे अनन्त गुणी निर्दशित है।

आकाश प्रदेश राशि	१६ ख ख ख	: स्पष्ट है कि आकाश प्रदेश राशि वस्तुतः काल समय राशिसे अनन्तगुणी है।
केवलज्ञान अथवा उत्कृष्ट अनन्तानंत	के	: केवलज्ञानकी अविभागी प्रतिच्छेद राशिको उत्कृष्ट अनन्तानन्त संख्यामानवाली माना गया है। इससे बड़ी कोई राशि नहीं है।
केवलज्ञानका प्रथम मूल	के मू १	: इसे (के)$^{\frac{1}{2}}$ द्वारा निरूपित कर सकते हैं.
केवलज्ञानका द्वितीय मूल	के मू २	: इसे (के)$^{\frac{1}{4}}$ द्वारा निरूपित कर सकते हैं।
पल्य	प	
सागर	सा	
सूच्यंगुल	२	: यह संकेत आवलीका भी है। यह अंगुलमें समाविष्ट प्रदेश राशि है।
प्रतरांगुल	४	: अंगुल प्रदेश राशिका वर्ग।
घनांगुल	६	: अंगुल प्रदेश राशिका घन।

नोट : यदि अंगुल के लिए अं और आवलिके लिए आ संकेत लिये जायें तो विशेष सुविधा हो सकेगी। इसी प्रकार जगश्रेणी के लिए भी श्रे का संकेत सरल पाया जायेगा। हम इन तीन संदृष्टियोंका उपयोग आगे करेंगे।

जगश्रेणी	—	: इस क्षैतिज रेखा द्वारा जगश्रेणीमें स्थित प्रदेश राशि प्ररूपित की जाती है।
जगप्रतर	=	: इन दो रेखाओं द्वारा श्रेणीके वर्ग में स्थित प्रदेश राशि निरूपित की जाती है।
घनलोक	≡	: इन तीन क्षैतिज रेखाओं द्वारा जगश्रेणीसे बने घनमें स्थित प्रदेश राशि प्ररूपित होती है।
रज्जु	$\frac{—}{७}$	: क्षैतिज रेखा के नीचे लिखे ७ का भाग जगश्रेणी राशिमें देने पर रज्जु अथवा रज्जुमें स्थित प्रदेश राशिका निरूपण होता है।
रज्जु प्रतर	$\frac{=}{४९}$	: उपर्युक्त रज्जु राशिका वर्ग रज्जु प्रतर राशि होता है। यहाँ अंश तथा हर, दोनों ही वर्गित किये गये हैं।
रज्जु घन	$\frac{≡}{३४३}$	: यहाँ रज्जु राशिका घन निरूपित है। अंश और हर जो रज्जुको निरूपित करते हैं, उनके घन करनेपर रज्जुघन स्थित प्रदेश राशि संख्या उत्पन्न होती है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पल्य राशिकी अर्द्धच्छेद राशि	छे	: पल्य राशिको तबतक अर्द्धित किया जाता है जबतक १ प्राप्त न हो। जितने बार इस विधिमें अर्द्धित किया गया वही संख्या अर्द्धच्छेद है। यथा—१६ या $२^४$ के अर्द्धच्छेद ४ होते हैं। इसका संकेत $\log_२$ प सरल है।
पल्यकी वर्गशलाका राशि	व	: पल्यकी अर्द्धच्छेद राशिकी भी अर्द्धच्छेद राशिको वर्गशलाका राशि कहते हैं। इसे $\log_२$ $\log_२$ प द्वारा भी निरूपित किया जा सकता है।
सागरकी अर्द्धच्छेद राशि	छे १	: यहाँ सागरकी अर्द्धच्छेद राशि पल्यकी अर्द्धच्छेद राशिसे संख्यात अधिक है। अस्तु इसे सरल रूपमें $\log_२$ प + १ भी लिखा जा सकता है।
सागरकी वर्गशलाका राशि		: इसे $\log_२$ $\log_२$ सा लिखा जा सकता है। पण्डित टोडरमलने लिखा है कि सागरकी वर्गशलाका राशि नहीं होती है।
सूच्यंगुलकी अर्द्धच्छेद राशि	छे छे	: इसे $\log_२$ प $\log_२$ प भी लिखा जा सकता है क्योंकि पल्यकी अर्द्धच्छेद राशिका वर्ग ही सूच्यंगुलकी अर्द्धच्छेद राशि है। पुनः इसे $\log_२$ अं भी लिखा जा सकता है। इस प्रकार अंगुल स्थित प्रदेश राशिका सम्बन्ध पल्य गत समय राशिसे स्थापित किया गया है।
सूच्यंगुलकी वर्गशलाका राशि	व २	: इसे $\log_२$ $\log_२$ अं लिखा जा सकता है। वस्तुतः पल्यकी अर्द्धच्छेद राशि $\log_२$ प के वर्ग $\log_२$ प $\log_२$ प के अर्द्धच्छेद पुनः करनेपर २ $\log_२$ $\log_२$ प प्राप्त होता है जो पल्यकी वर्गशलाका राशिका द्विगुणित है।
प्रतरांगुलकी अर्द्धच्छेदराशि	छे छे २	: इसे $\log_२ (अं)^२$ लिखा जा सकता है। इस प्रकार स्पष्ट है कि यह अंगुलकी अर्द्धच्छेद राशिका द्विगुणित है। logarithm के नियमोंसे समझ लेना चाहिए। (धवला पु० ४ में शलाका गणन (लघुरिक्थ) के नियम डा. ए. एन. सिंहके प्रस्तावना रूप लेखमें देखिए)
प्रतरांगुलकी वर्गशलाका राशि	१—व २	: इसे $\log_२ \log_२ (अं)^२$ भी लिखा जा सकता है। स्पष्ट है कि इसका मान १ + $\log_२$ $\log_२$ (अं) अथवा १ + व २ है। इसे १ + २ $\log_२$ $\log_२$ प भी लिख सकते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

घनांगुलकी अर्द्धच्छेद राशि	छे छे ३	: इसे $\log_२ (अं)^{\frac{3}{2}}$ भी कहते हैं। यह ३ $\log_२$ (अं) है अर्थात् ३ $\log_२$ प $\log_२$ प अथवा ३ छे छे है।
घनांगुलकी वर्गशलाका राशि	व २	: इसे $\log_२ \log_२ (अं)^3$ लिख सकते हैं। यह $\log_२$ (३ $\log_२$ (अं)) है अथवा $\log_२$ ३ + $\log_२$ $\log_२$ अं है जिसे निकटतः १ + २ $\log_२ \log_२$ प अथवा १ + २ व रूपमें लिखना सही है!

(नोट : यहाँ पण्डित टोडरमलने लिखा है कि द्विरूप वर्गधारामें जितने स्थान जानेपर सूच्यंगुल प्राप्त होता है, उतने ही स्थान आनेपर द्विरूप घनधारामें घनांगुल होता है। स्पष्ट है कि यहाँ अनुमानसे १ को विलुप्त कर दिया गया है जो निकटतः $\log_२$ ३ का मान हो सकता है।)

जगश्रेणीकी अर्द्धच्छेद राशि	छे छे छे ३ / a	: इसे वि छे छे ३ भी लिखा जाता है जहाँ वि का अर्थ विरलन राशि है। इसका मान $\frac{\log_२ प}{a} \log_२ (अं)^3$ माना गया है।

[नोट : हम इसे $\log_२$ श्रे भी लिख सकते हैं। वस्तुतः इसका मान तिलोयपण्णत्तिमें-से इस आधारपर किया गया है कि राशितः ($\log_२$ पल्य/असंख्यात)

जगश्रेणी = [घनांगुल] $^{[\log_२ प / a]}$

अथवा श्रे = [अं ³]

$$\therefore \log_२ श्रे = \frac{\log_२ प}{a} \log_२ (अं)^3 = \frac{\log_२ प}{a} (३) (\log_२ अं)$$

$$= \frac{\log_२ प}{a} (३) (\log_२ प) (\log_२ प) \quad]$$

जगश्रेणीकी वर्गशलाका राशि	व / १६।२ / व २	: इसे $\log_२ \log_२$ श्रे भी लिख सकते हैं। इसे $\log_२$ $\frac{\log_२ प}{a} \log_२ (अं)^3$] भी लिख सकते हैं। अर्थात् यह $\log_२ \log_२ प - \log_२ a + \log_२ \log_२ अं^3$ है।

[नोट : पण्डित टोडरमलने इसे इस रूपमें लिखा है कि १६ जघन्यपरीत असंख्यात लेकर $\frac{\log_२ \log_२ प}{२ (जघन्य परीतासंख्यात)}$ + $\log_२ \log_२ अं^3$ रूपमें बतलाया है।]

जगप्रतरकी अर्द्धच्छेद राशि	छे छे छे ६ / a	: इसे $\log_२ श्रे^2$ लिखते हैं। स्पष्ट है कि यह २ $\log_२$ श्रे होता है अर्थात् जगश्रेणीकी अर्द्धच्छेद राशिसे द्विगुणित होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जगप्रतरकी वर्गशलाका राशि	१— व १६।२ व २	: इसे $\log_2 \log_2$ (श्रे)^2 लिख सकते हैं। अस्तु यह $\frac{१ + \log_2 \log_2 प}{२ (\text{जघन्य परीतासंख्यात})}$ + + $\log_2 \log_2$ (अ)^3 लिखा जा सकता है।)
घनलोककी अर्द्धच्छेद राशि	छे छे छे ९ a	: इसे $\log_2$ (श्रे)^3 लिख सकते हैं। स्पष्ट है कि यह ३ $\log_2$ श्रे होनेसे जगश्रेणीकी अर्द्धच्छेद राशिसे त्रिगुणित होता है।
घनलोककी वर्गशलाका राशि	व १६।२ व २	: इसे $\log_2 \log_2$ (श्रे)^3 लिख सकते हैं। इस प्रकार इसका मान $\log_2$ ३ + + $\frac{\log_2 \log_2 प}{२ (\text{जघन्यपरीत असंख्यात})}$ + $\log_2 \log_2$ (अ)^3 है। स्पष्ट है कि प्राचीन प्रतीकोंमें कुछ त्रुटि रह गयी है।

[नोट : पण्डित टोडरमलने $\log_2$ ३ की उपेक्षा की है, वह इस आधारसे कि अनुमानतः असंख्यातकी तुलनामें १ उपेक्षित हो सकता है। कारण यह भी है कि द्विरूप घनधारामें जितने स्थान जानेपर जगश्रेणी प्राप्त होती है, उतने-उतने ही स्थान द्विरूपघनधारामें होनेपर घनलोक होता है।]

संख्यात	४ अथवा ५	: कहीं-कहीं संख्यातके लिए ४ अथवा ५ सहनानी रूप लिये गये हैं।
असंख्यात	९	: इसी प्रकार ९ के सम्बन्धमें भी है।
आवली असंख्यात	९	
संकलन	—	: क्षैतिज रेखाका प्रयोग धनके लिए अथवा योगके लिए हुआ है।
एक अधिक लक्ष	१— १ ल अथवा ल	
दो अधिक लोक	२— ≡	: यह स्पष्ट है, क्योंकि ≡ घनलोककी संदृष्टि है।
घनलोक अधिक अनन्त	≡ ख	: वास्तवमें यहाँ ख के ऊपर एक उदग्र लकीर भी आवश्यक थी। इसे श्रे^{3}/ख भी लिखा जा सकता है।
अजीव द्रव्य परिमाण	३ ≡ १६।ख	: यहाँ १६ ख पुद्गल द्रव्य है, ≡ काल द्रव्यका परिमाण है, शेष धर्म, अधर्म एवं आकाश हेतु ३ का उपयोग किया गया प्रतीत होता है।
किंचित् अधिक अनन्त	। ख	: यहाँ ख के ऊपर उदग्र लकीर अनन्तके कुछ कम राशि बतलानेके लिए है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दो राशि अधिक संख्यात	॥ १	: दो राशियां संख्यातमें संयुक्त करने हेतु यहाँ दो उदग्र लकीरें संख्यातकी संदृष्टिके ऊपर रखी गयी हैं।
घटाना या व्यवकलन क्रियाकी संदृष्टियाँ अलग-अलग	० - — ~~~	: इन चारों सहनानियों द्वारा घटानेकी गणितीय प्रक्रिया दर्शायी जाती है। उदाहरण आगे दिये गये हैं।
एक कम कोटि	० १ को अथवा - को	: यहाँ कोटि ऋण एकको उदाहरण रूपमें निरूपित किया गया है। १ के ऊपर ० का चिह्न बतलाता है कि १ को कोटि को में-से घटाया जाना है। इसी प्रकार नीचे भी।
एक कम अनन्त	- ख	: यहाँ अनन्त ऋण एकका निदर्शन है।
दो कम घनलोक	० २ ≡	: स्पष्ट है कि घनलोक ≡ है तथा इस प्रदेश राशिमें-से २ घटाया जाना है, अस्तु उसके ऊपर शून्य संकेत बनाया है। स्थानमान पद्धतिके विकासका इस उदाहरणसे पता चलता है।
एक कम लक्ष	ल ० १	: यहाँ ०/१ की स्थिति बदल दी गयी है।
दो कम लक्ष	ल—२	: यहाँ ऋण चिह्नने आधुनिक रूप लिया है। हालांकि यह प्राचीन है।
दो कम कोटि	को ~~~ २ अथवा को ० २	: यहाँ ऋणके लिए लहरिया लकीरको क्षैतिज रूपमें लिया है। साथ ही ०/२ की स्थिति बदल दी गयी है। ये सब क्रमिक विकासके चिह्न हैं, अथवा स्थानान्तर विकासक्रममें हैं।
किंचित् ऊन अनन्त	ख —	: किंचित् ऊनके लिए यह चिह्न वैज्ञानिक है, क्योंकि वह जिसे घटाया जाना है, लेखीमें नगण्य है, ख की तुलनामें।
एकेन्द्री जीवराशि	१३ =	: यहाँ संसारी जीवराशि १३ में से विकलेन्द्री और सकलेन्द्री जीवराशियाँ घटायी गयी हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पाँच कम लक्ष	ल ⌣ ५ अथवा $\frac{ल}{५}$)	: यहाँ सीधी लकीरके स्थानमें चन्द्रकलाका संकेत दिया है।
पल्यकी वर्गशलाकाकी अर्द्धच्छेद राशिसे हीन पल्यकी अर्द्धच्छेदराशि	छे व छे (⌣)	: इसे Log_2 प – Log_2 Log_2 Log_2 प लिख सकते हैं।
पाँच गुणा लाख	ल ५	: यहाँ ५ का गुणा इकाई की ओरसे किया गया है।
असंख्यातगुणा घनलोक	≡a व	: इसे श्रे ३ व भी लिख सकते हैं।
पल्यका संख्यातवाँ भाग	$\frac{प}{१}$	: विभाजनकी यह संदृष्टि बहुधा उपयोगमें लायी जाती रही है। इसे $\frac{प}{१}$ रूपमें भी लिखा जा सकता है।
जगश्रेणीका संख्यातवाँ भाग	$\frac{—}{१}$	: इसे श्रे ÷ १ भी लिखा जा सकता है।
केवलज्ञानका अनन्तवाँ भाग	$\frac{के}{ख}$	: इसे $\frac{के}{ख}$ रूपमें लिख सकते हैं।
बादाल वर्ग	४२ = ४२ =	: स्पष्ट है कि यहाँ बादालको वर्गित किया गया है। यह [₂३२]², राशि है।
घनांगुलके संख्यातवें भागके घनकी संदृष्टि	$\frac{६}{१}$ । $\frac{६}{१}$ । $\frac{६}{१}$	: इसे $\frac{अं^3}{१}$ $\frac{अं^3}{१}$ $\frac{अं^3}{१}$ रूपमें भी लिखा जा सकता है। इस प्रकार घनके लिए उसी राशिको तीन बार उक्त रूपमें लिखा जाता है।

अब कुछ उदाहरण देते हुए उपर्युक्त संदृष्टिके प्रयोग दिखाते हैं—

१—

ल ३ ल १००० / ४ ₒ⌒
१० ल १०० / ५

इसे
$$\frac{ल\,(३)\,\frac{ल}{४}\,(१०००+१)}{(१०)\,\frac{ल}{५}\,(१००-१)}$$
रूपमें समझेंगे।

१—

६ । ८ । व / व ₒ⌒
प / व $\frac{८}{व}$

अथवा
$$\frac{अं^3\,\frac{आ^3}{ə}\,(ə+१)}{\frac{प}{ə}\left(\frac{आ^3}{ə}-१\right)}$$
रूपमें होगा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

६ प ⌐Ω ə	अथवा	अं^{3} ÷ (प/ə)$^{⌐Ω}$ रूपमें होगा।
= ४ २ ə	अथवा	श्रे^{२}/अं^{२} ÷ आ/ə रूपमें होगा।
⌐Ω ल ५ । ४ । ३	अथवा	ल [(५) (४) (३) – १]
⌐—Ω— ल ५ । ४ । ३ ।	अथवा	ल (५) (४) [(३) – १]
अन्तर्मुहूर्त या २ १	अथवा	संख्यात आवली
	अथवा	आवली + १ समयसे लेकर मुहूर्त – १ समय या भिन्न मुहूर्त तक

षट्स्थानपतित हानिवृद्धि

अनन्तभाग उर्वंक	उ	वृद्धि हानि	वृ/ख हा/ख
असंख्यात भाग	४	वृद्धि हानि	वृ ÷ ə हा ÷ ə
संख्यात भाग	५	वृद्धि हानि	वृ ÷ १ हा ÷ १
संख्यात गुण	६	वृद्धि हानि	वृ १ हा १
असंख्यात गुण	७	वृद्धि हानि	वृ ə हा ə
अनन्त गुण	८	वृद्धि हानि	वृ ख हा ख

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुद्गल परिवर्तन संदृष्टि

गृहीत	१	एक
अगृहीत	०	बिन्दु
मिश्र	×	हंसपद
सूच्यंगुलके असंख्यातवें भाग बार अनन्त भाग वृद्धि	उ उ	$\frac{व}{ख}$ $\frac{व}{ख}$ $\left(\frac{अं}{a}\right.$ बार $\left.\right)$

करण

अनिवृत्तिकरणकाल	२ १	: संख्यात आवली अथवा आ १
अपूर्वकरणकाल	२ १ १	: आ १ १
अधःकरण काल	२ १ १ १	: आ १ १ १

कर्म सम्बन्धी संदृष्टि

समय प्रबद्ध	स	
उत्कृष्ट समय प्रबद्ध	स ७ अथवा स ३२	
सत्त्व : किंचिदूनद्व्यर्ध गुणहानि गुणित समय प्रबद्ध	स ७ १२ —	स्पष्ट है कि ८ संदृष्टि गुणहानिका प्रतीक है।

कर्म स्थिति रचना सम्बन्धी संदृष्टि (विशेष परिभाषाएँ बादमें दी गयी हैं।)

आबाधा काल	|	: यह एक उदग्र रेखा है। इसे टाइम लेग भी कह सकते हैं।
अचलावली	|	: यही चिह्न है। आवली गत निषेक यहाँ अचल होते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निषेक हानि

: आधारसे ऊपरकी ओर निषेक कम होते जाते हैं।

उदयावली

: संकेत वही है। यहाँ ऐसी आवली गत निषेकोंका संकेत है जो उदयमें आनेवाले होते हैं।

उच्छिष्टावली

: इसका भी वही संकेत है। यह ऐसी आवली गत निषेकोंका संकेत है जो उच्छिष्ट होते हैं।

उपरितन स्थिति

: ऊपरकी स्थितिवाले निषेकोंका संकेत इसके द्वारा मिलता है।

आबाधाके ऊपर निषेक रचना



संयुक्त रचना



वर्गणा अनुभाग



संयुक्त



वर्ग



संयुक्त रचना



Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिणाम सम्बन्धी श्रेणियोंमें प्रयुक्त सूत्र

गणितसार संग्रह (महावीराचार्य) में कुछ विधियाँ समीकरण हल करनेकी दी गयी हैं जिनसे कूटस्थिति या अनुमानसे अज्ञात राशिका मान निकाला जाता है। इनका उपयोग करण आदिसे सम्बन्धि गणितमें होता है—

$$\left.\begin{array}{l}\text{सर्वधन या}\\ \text{श्रेणियोग}\end{array}\right\} = \frac{\text{गच्छ}}{२}\left[२\,(\text{आदि}) + (\text{गच्छ}-१)\,\text{चय}\right]$$

$$\text{चय} = \frac{\text{श्रेणियोग}-(\text{गच्छ})\,(\text{आदि})}{\dfrac{(\text{गच्छ}^{२}-\text{गच्छ})}{२}}$$

$$= \frac{\text{श्रेणियोग}}{(\text{गच्छ}^{२}} \times \frac{१}{\text{संख्यात}}$$

$$\text{चयधन} = \text{सर्वधन} - (\text{गच्छ})\,(\text{आदि})$$

$$\text{आदि} = \frac{\text{सर्वधन} - \text{चयधन}}{\text{गच्छ}}$$

$$\text{आदिधन} = \text{सर्वधन} - \text{चयधन} = \text{आदि} \times \text{गच्छ}$$

अंग्रेजी में
सर्वधन = sum
गच्छ = number ofterms
आदि = first term
चय = common differnnce

यथा अधःप्रवृत्तकरणमें

सर्वधन	≡ a	अथवा $श्रे^{3}$ a
गच्छ	२१११	अथवा आ १११
चय	≡ a / २१११।२१११।१	अथवा $\frac{श्रे^{3} a}{(\text{आ १११})(\text{आ १११})\,(१)}$
चयधन	∼ ⌂ / ≡ a।२१११ / २१११।१।२	अथवा $\frac{श्रे^{3} a\,(\text{आ १११}-१)}{(\text{आ १११})\,१\,(२)}$
आदिधन	१ —— ∼ ⌂ / ≡ a।२१११।१।२ / २१११।१२	अथवा $\frac{श्रे^{3}\,व\,[१+\text{आ १११}\,(२१-१)]}{(\text{आ १११})\,(१)\,(२)}$
प्रथम समय सम्बन्धी परिणामपुंज	१ —— ∼ ⌂ / ≡ a२१११।१२ / २१११।२१११।१।२	अथवा $\frac{श्रे^{3}\,a\,[१+\text{आ १११}\,(२१-१)]}{(\text{आ १११})\,(\text{आ १११})\,(१)\,(२)}$
अंत समय सम्बन्धी परिणाम पुंज	१ — ⌂ — ∼ — / ≡ a।२१११।१।२ / २१११।२१११।१।२	अथवा $\frac{श्रे^{3}\,a\,[\text{आ १११}\,(२१+१)-१]}{(\text{आ १११})\,(\text{आ १११})(१)\,(२)}$

Jain Education International	For Private & Personal Use Only	www.jainelibrary.org

अनुकृष्टि अर्थ संदृष्टि

गच्छ २ ११ अथवा आ ११

ऊर्ध्वचय $\frac{\equiv a}{\text{२११११।२१११। १}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 \, a}{(\text{आ } १११)\,(\text{आ } १११)\,(१)}$

अनुकृष्टिचय $\frac{\equiv a}{\text{२१११।२१११।१।२११}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 a}{(\text{आ } १११)\,(\text{आ } १११)\,(१)\,(\text{आ } ११)}$

चय धन $\frac{\equiv a \text{ । २११।२११}}{\text{२१११।२१११।१।२११।२}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 a\,(\text{आ}११-१)}{(\text{आ } १११)\,(\text{आ } १११)\,(१)\,(२)}$

आदिधन $\frac{\equiv a \text{ । २१११ । १ २}}{\text{२१११।२१११।१२}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 a[२ \times \text{आ}११(१\,(२१-१)-१)]}{(\text{आ } १११)\,(\text{आ } १११)\,(१)\,(२)}$

प्रथम समय सम्बन्धी प्रथम खण्ड

$\frac{\equiv a \text{ । २ १ १ १ । १ । १ २}}{\text{२१११ । २१११ ।१। २११। २}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 a\,[\,४ + \text{आ } ११\,\{१(२१-१) - १\}\,]}{(\text{आ } १११)\,(\text{आ } १११)\,(१)\,(\text{आ } ११)\,(२)}$

प्रथम समय सम्बन्धी अन्तका खण्ड

$\frac{\equiv a \text{ । २ १ १ १ । १ । २}}{\text{२१११ । २१११ ।१। २११ । २}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 \, a\,[\,\text{आ } ११\,\{\,१\,(२१-१) + १\}\,]}{(\text{आ } १११)(\text{आ } १११)\,(१)\,(\text{आ}११)\,(२)}$

अन्त समय सम्बन्धी प्रथम खण्ड

$\frac{\equiv a \text{ । २ १ १ १ । १ । २}}{\text{२१११ । २१११ ।१। २११। २}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 \, a\,[\text{आ } ११\,\{१\,(२१ + १) - १\}]}{(\text{आ } १११)(\text{आ } १११)\,(१)\,(२)\,(\text{आ } ११)}$

समय सम्बन्धी अन्त खण्ड

$\frac{\equiv a \text{ । २ १ १ १ । १ । २}}{\text{२१११ । २१११ । १ ।२। २११}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 \, a\,[\text{आ } ११\{१(२१ + १) + १\}-२]}{(\text{आ } १११)(\text{आ } १११)\,(१)(२)(\text{आ } ११)}$

उपर्युक्त परिणामोंमें षट्स्थान राशि

$\equiv a$

$४१ \frac{१-}{\frac{२}{a}} \frac{१-}{\frac{२}{a}} \frac{१-}{\frac{२}{a}} \frac{१-}{\frac{२}{a}} \frac{१-}{\frac{२}{a}}$ अथवा $\frac{\text{श्रे}^3 \, a}{\text{अं}^2 \, १ \left(\frac{\text{अं} + १}{a}\right)^५}$

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूक्ष्म साम्पराय विवरणमें

जघन्य वर्गणा	व
एक गुणहानिमें स्पर्धक प्रमाण	९
नाना गुणहानि	ना
अनन्त	ख
अपकर्षण भागहार	उ
असंख्यात गुणा अपकर्षण भागहार	उ । a
एक स्पर्धकमें वर्गणाओंका प्रमाण	४
उत्कृष्ट पूर्व स्पर्धकके वर्गकी संदृष्टि	व ९ ना
जघन्य पूर्व स्पर्धकके वर्गकी संदृष्टि	व
उत्कृष्ट अपूर्व स्पर्धक के वर्गकी संदृष्टि	व ख
जघन्य अपूर्व स्पर्धक के वर्गकी संदृष्टि	व ख ९ उ a
उत्कृष्ट बादर कृष्टिके वर्गकी संदृष्टि	व ख ९ ख उ a
जघन्य बादर कृष्टिके वर्गकी संदृष्टि	व ख ९ ख ४ उ a ख
उत्कृष्ट सूक्ष्म कृष्टि के वर्गकी संदृष्टि	व ख ९ ख ४ ख उ a ख
जघन्य सूक्ष्मकृष्टिके वर्गकी संदृष्टि	व ख ९ ख ४ ख ४ उ a ख ख

गुणश्रेणी निर्जरामें संदृष्टियाँ इसी प्रकार सरल हैं। ये अर्थ संदृष्टि अधिकारमें प्राप्य हैं।

§ ३. अर्थ एवं संज्ञाका स्पष्टीकरण

गोम्मटसारके दूसरे भाग कर्मकाण्डमें जैनकर्मसिद्धान्तका वर्णन है। उसके प्रारम्भमें कहा है कि शरीर सहित जीव प्रति समय सर्वांगसे कर्म और नोकर्मको ग्रहण करता है, जैसे आगसे तपा हुआ लोहपिण्ड जलको ग्रहण करता है। सभी शरीरोंकी उत्पत्तिके कारण कार्मणशरीरको कर्म या द्रव्यकर्म कहते हैं और शेष चार शरीरोंको नोकर्म कहते हैं। यहाँ 'नो' शब्दका प्रयोग ईषत् अथवा स्तोकके अर्थमें है। औदारिक, वैक्रियिक, आहारक और तैजसनाम कर्मके उदयसे चार शरीर होते हैं। ये आत्मगुणोंके घातक नहीं होते। इसलिए इन्हें नोकर्मशरीर कहते हैं। ये कर्मशरीरके सहायक होते हैं (गो. जी. २४४)।

कर्म शब्दके अनेक अर्थ हैं। वीर्यान्तराय और ज्ञानावरणके क्षयोपशमकी अपेक्षासे आत्माके द्वारा निश्चयनयकी अपेक्षा आत्मपरिणाम और पुद्गलके द्वारा पुद्गल परिणाम तथा व्यवहारनयसे आत्माके द्वारा पुद्गल परिणाम और पुद्गलके द्वारा आत्मपरिणाम जो किये जाते हैं वह यहाँ कर्म विवक्षित है। वे जीवको परतन्त्र करते हैं अथवा उनके द्वारा जीव परतन्त्र किया जाता है अतः उन्हें कर्म कहते हैं। अथवा मिथ्यादर्शन अविरति, कषाय और योगरूप परिणामोंके द्वारा जीवके द्वारा किये जाते हैं अतः वे कर्म कहे जाते हैं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कर्मके मुख्य भेद दो हैं—द्रव्यकर्म और भावकर्म। ज्ञानावरण आदि पुद्गल द्रव्यका पिण्ड द्रव्यकर्म है। और उसमें जो शक्ति है वह भावकर्म है, अथवा कार्यमें कारणका उपचार करके उस शक्तिके निमित्तसे आत्मामें उत्पन्न मिथ्यात्व राग, द्वेष आदि भाव भावकर्म हैं। द्रव्यकर्म और भावकर्ममें निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध होनेसे द्रव्यकर्मसे भावकर्म और भावकर्मसे द्रव्यकर्मकी परम्परा अनादि है।

शुभ और अशुभ कर्मोंके आनेके द्वार रूप **आस्रव** हैं। आत्मा और कर्म प्रदेशोंका परस्परमें एक क्षेत्रवगाह **बन्ध** है। आस्रवका रोकना **संवर** है। कर्मोंका एक देश पृथक् होना **निर्जरा** है। सर्व कर्मोंका आत्मासे अलग हो जाना **मोक्ष** है।

संज्ञाके अनुसार गुण रहित वस्तुमें व्यवहार हेतु स्वेच्छा की गयी संज्ञाको **नाम** कहते हैं। काष्ठ कर्म, पुस्तककर्म, चित्रकर्म और अक्ष विक्षेप आदिमें "यह वह है", इस प्रकार स्थापित करनेको **स्थापना** कहते हैं। जो गुणोंके द्वारा प्राप्त हुआ था, या गुणोंको प्राप्त हुआ था अथवा जो गुणोंके द्वारा प्राप्त किया जायेगा या गुणोंको प्राप्त होगा उसे **द्रव्य** कहते हैं। वर्तमान पर्यायसे युक्त द्रव्यको **भाव** कहते हैं। प्रमाण और नयोंसे पदार्थोंका **ज्ञान** होता है।

किसी वस्तुके स्वरूपका कथन करना **निर्देश** है। **स्वामित्व**का अर्थ आधिपत्य है। जिस निमित्तसे वस्तु उत्पन्न होती है वह **साधन** है। आधारको **अधिकरण** कहते हैं। जितने काल तक वस्तु रहती है वह **स्थिति** है। **विधान**का अर्थ प्रकार या भेद है। इनसे पदार्थोंका ज्ञान होता है।

सत् अस्तित्वका सूचक है। **संख्या**से भेदोंकी गणना होती है। वर्तमान काल विषयक निवासको **क्षेत्र** कहते हैं। त्रिकाल विषयक निवासको **स्पर्शन** कहते हैं। मुख्य और व्यावहारिक प्रकारसे दो **काल** होते हैं। विरह कालको **अन्तर** कहते हैं। **भाव**से औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक, औदयिक एवं पारिणामिक भावोंका भी अर्थ ग्रहण होता है। एक दूसरेकी अपेक्षा न्यूनाधिकका ज्ञान **अल्पबहुत्व** कहलाता है। इनके द्वारा भी पदार्थोंका ज्ञान होता है।

इन्द्रिय और मनके द्वारा यथायोग्य पदार्थ जिसके द्वारा मनन किये जाते हैं, जो मनन करता है या मनन मात्र **मति-ज्ञान** है। श्रुत ज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेपर निरूप्यमाण पदार्थ जिसके द्वारा सुना जाता है, जो सुनता है या सुननामात्र **श्रुत** ज्ञान है। अधिकतर नीचेके विषयको जाननेवाला होनेसे या परिमित विषयवाला होनेसे **अवधि ज्ञान** नाम सार्थक है। दूसरेके मनोगत अर्थमें परिगमन करनेवाला ज्ञान **मनःपर्यय** है। अर्थी जन जिस असहाय ज्ञानके लिए बाह्य एवं आभ्यन्तर तप द्वारा मार्गका केवल या सेवन करते हैं वह **केवलज्ञान** है।

विषय और विषयीके सम्बन्धके बाद होनेवाले प्रथम ग्रहणको **अवग्रहमति** कहते हैं। अवग्रह द्वारा ग्रहण किये गये पदार्थमें उसके विशेषके जाननेकी इच्छा **ईहामति** है। विशेषके निर्णय द्वारा जो यथार्थ ज्ञान होता है वह **अवाय मति** है। जानी हुई वस्तुका जिस कारण कालान्तरमें विस्मरण नहीं होता वह **धारणा मति** है। चक्षु आदि इन्द्रियोंके विषयको **अर्थ** कहते हैं। ये चारों मति ज्ञान अर्थके होते हैं। अव्यक्त शब्द-समूह **व्यंजन** है, जो केवल अवग्रहमति रूप है। चक्षु और मनसे व्यंजन अवग्रह नहीं होता है। **केवलज्ञान**की प्रवृत्ति सब द्रव्यों और उनकी सभी पर्यायोंमें होती है।

आत्मामें कर्मकी निज शक्तिका कारणवशसे प्रकट न होना **उपशम** है। कर्मोंका आत्मासे सर्वथा दूर हो जाना **क्षय** है। उभय भाव रूप **मिश्र** है। द्रव्यादि निमित्तके वशसे कर्मोंका फल प्राप्त होना **उदय** है। जिसके होनेमें द्रव्यका स्वरूपलाभमात्र कारण है वह **परिणाम** है। ये भाव जीवके हैं, जो अन्तरंग और बहिरंग दोनों प्रकारके निमित्तोंसे होता है। और चैतन्यका अन्वयी परिणाम **उपयोग** कहलाता

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

है। उपयोग ज्ञान और दर्शन रूप है। **गुण** अन्वयी होते हैं, **पर्याय** व्यतिरेकी होती है। अथवा द्रव्यमें भेद करनेवाले धर्मको **गुण** और द्रव्यके विकार को **पर्याय** कहते हैं। द्रव्य इन दोनोंसे संयुक्त, अयुत सिद्ध और नित्य होता है।

काय, वचन और मनकी क्रिया **योग** है जिससे आस्रव होता है जिसकी विशेषता तीव्र, मन्द, ज्ञात, अज्ञात भावों, अधिकरण और वीर्यसे होती है।

जो आत्माका घात करती है, वह **कषाय** है। चारित्रमोहके भेदरूप कषायवेदनीयके उदयसे आत्मामें जो कलुषता क्रोधादिरूप होती है उसे आत्मविघातक होनेसे **कषाय** कहते हैं। हास्यादि कषायवत् न होनेसे **नोकषाय** कहलाती हैं। क्रोधादिकी तीव्रताको **लेश्या** द्वारा निर्दिष्ट करते हैं, और आसक्तिकी तीव्रता मन्दताको **अनन्तानुबन्धी** आदि द्वारा निर्दिष्ट करते हैं। जो क्रोधादिक जीवके सुख-दुख रूप अनेक प्रकारके धान्यको उत्पन्न करनेवाले कर्मरूप खेतको कर्षण करते हैं अर्थात् जोतते हैं और जिनके लिए संसारकी चारों गतियाँ मर्यादा—मेंढ रूप हैं, इसलिये उन्हें **कषाय** कहते हैं। वे कर्मोंके श्लेषका कारण हैं—निक्षेपादिकी अपेक्षा योग और कषायके अनेक भेद हैं।

कर्मोंके संयोगके कारणभूत जीवके प्रदेशोके परिस्पन्दको भी **योग** कहते हैं, अथवा मन, वचन, कायकी प्रवृत्तिके प्रति जीवका उपयोग या प्रयत्न विशेष **योग** है। योग, समाधि, ध्यान, सम्यक् प्रणिधान एकार्थवाची हैं। क्रियाकी उत्पत्तिमें जो जीवका उपयोग है वही **योग** है। (विशेष विवरणके लिए जैन सि. कोष देखें)।

कषायसे अनुरंजित जीवकी योगकी प्रवृत्तिको **भावलेश्या** कहते हैं। शरीरके रंगको **द्रव्य लेश्या** कहते हैं। जो कर्मोंसे आत्माको लिप्त करती है उसे **लेश्या** कहते हैं। मिथ्यादर्शन, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग, ये **बन्ध**के हेतु हैं। कषाय सहित होनेपर जीव कर्मके योग्य पुद्गलोंको ग्रहण करता है, वह **बन्ध** है। अथवा कर्म प्रदेशोंका आत्मप्रदेशोंमें एक क्षेत्रावगाह हो जाना **बन्ध** है। वाचक शब्दोंकी अपेक्षा बन्ध संख्यात, अध्यवसाय स्थानोंकी अपेक्षा असंख्यात, तथा कर्मप्रदेशोंकी अथवा कर्मोंके अनुभाग अविभागी प्रतिच्छेदोंकी अपेक्षा अनन्त प्रकार है। ज्ञानावरणादिक **कर्मबन्ध** है और औदारिकादि **नोकर्मबन्ध** है। क्रोधादि परिणाम **भावबन्ध** है।

ज्ञानावरणादि अष्टविध कर्मोंके उस कर्मके योग्य ऐसा जो पुद्गल द्रव्यका स्व-आकार (?) वह **प्रकृति बन्ध** है। योगके वशसे कर्म स्वरूपसे परिणत पुद्गल स्कन्धोंका कषायके वशसे जीवमें एक स्वरूपसे रहनेके कालको **स्थितिबन्ध** कहते हैं। शुभाशुभ कर्मकी निर्जराके समय सुखदुःख रूप फल देनेकी शक्तिवाला **अनुभाग बन्ध** है। कर्मरूपसे परिणत पुद्गल स्कन्धोंका परिमाणुओंकी जानकारी करके निश्चय करना **प्रदेश बन्ध** है।

अधःप्रवृत्तकरण वह है जिसमें-से ऊपरके समयवर्ती जीवोंके परिणाम नीचेके समयवर्ती जीवोंके परिणामोंके सदृश—अर्थात् संख्या और विशुद्धिकी अपेक्षा समान होते हैं। **अपूर्वकरणमें** भिन्न समयवर्ती जीवोंमें विशुद्ध परिणामोंकी अपेक्षा कभी भी सादृश्य नहीं पाया जाता, किन्तु एक समयवर्ती जीवोंमें सादृश्य और वैसादृश्य दोनों पाये जाते हैं। **अनिवृत्तिकरण** गुणस्थान वह है जिसके कालके प्रत्येक समयमें एक ही परिणाम होता है। **कृष्टिका** अर्थ कर्म अनुभागको कृश करना होता है।

प्रतिसमय बंधनेवाले कर्म या नोकर्मके समस्त परमाणुओंके समूहको **समयप्रबद्ध** कहते हैं। विवक्षित समयप्रबद्धमें समान अनुभाग शक्तिके अंश—**अविभाग प्रतिच्छेद** जिस परमाणुमें पाये जायें उसे **वर्ग** कहते हैं। जिन परमाणुओंमें समान संख्यावाले अविभाग प्रतिच्छेद पाये जाय उन सब वर्गोंके समूहको **वर्गणा** कहते हैं। जिनमें अविभाग प्रतिच्छेदोकी समान वृद्धि पायी जाये उन वर्गणाओंके समूहको **स्पर्धक**

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कहते हैं। गुणाकार रूपसे हीन-हीन द्रव्य जिसमें पाया जाये उसको **गुणहानि** कहते हैं। गुणहानिके समय-समूहको **गुणहानि आयाम** कहते हैं। गुणहानियोंके समूहको **नानागुणहानि** कहते हैं। दो गुणहानि आयामके प्रमाणको **निषेकहार** कहते हैं। नानागुणहानि प्रमाण दोके अंक रखकर परस्पर गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसे **अन्योन्याभ्यस्त राशि** कहते हैं। समान वृद्धि या हानिके प्रमाणको **चय** कहते हैं। 'निषेचनं निषेक:' इस निरुक्तिके अनुसार कर्म परमाणुओंके स्कन्धोंके निक्षेपण करनेका नाम **निषेक** है। आयुवर्जित सात कर्मोंकी अपनी-अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें-से उन-उनका आबाधाकाल घटाकर जो शेष रहता है, उतने कालके जितने समय होते हैं उतने ही उस-उस कर्मके निषेक जानना चाहिए। आयुकर्मकी स्थिति प्रमाण कालके समयों जितने उसके निषेक हैं, क्योंकि आयुकी आबाधा पूर्वभवकी आयुमें व्यतीत हो चुकती है। प्रथम निषेक अवस्थित हानिसे जितनी दूर जाकर आधा होता है उस अध्वान (अन्तराल या काल) को **'गुणहानि'** कहते हैं। जहाँ अपनी-अपनी द्वितीयादि वर्गणाके वर्गोंमें अपनी-अपनी प्रथम वर्गणाके वर्गोंसे एक-एक अविभागी प्रतिच्छेद बढ़ता अनुक्रमसे है, ऐसे स्पर्धकोंका समूह **प्रथम गुणहानि** कहलाता है। इस प्रथम गुणहानिके प्रथम वर्गमें जितने परमाणु पाये जायें, उनमें एक-एक चय प्रमाण घटते द्वितीयादि वर्गणाओंमें वर्ग जानना चाहिए। इस क्रमसे जहाँ प्रथमगुणहानिकी प्रथम वर्गणाके वर्गोंसे आधा जिस वर्गणामें वर्ग हों वहाँसे **दूसरी गुणहानि**का प्रारम्भ होता है। वहाँ द्रव्य चय आदिका प्रमाण भी आधा-आधा होता है।

एक जीवके एक कालमें जितनी प्रकृतियोंकी सत्ता पायी जावे उनके समूहका नाम **स्थान** है। उस स्थानकी एक-सी समान संख्या रूप प्रकृतियोंमें जो संख्या समान ही रहे परन्तु प्रकृतियाँ बदल जायें तो उसे **भंग** कहते हैं। जिस कर्मके बन्धका अभाव होकर फिर वही कर्म बँधे उसे **सादिबन्ध** कहते हैं। जिसके बन्धका अभाव नहीं हुआ वह **अनादिबन्ध** है। जिस बन्धका आदि तथा अन्त न हो वह **ध्रुवबन्ध** है और जिस बन्धका अन्त आ जाये वह **अध्रुव बन्ध** है। जिन कर्म प्रकृतियोंमें कोई प्रकृति विरोधी नहीं होती हैं उन्हें अप्रतिपक्षी कहते हैं। जिन प्रकृतियोंमें आपसमें विरोधीपना है वे **सप्रतिपक्षी** कहलाती हैं।

जीवोंकी उत्कृष्ट आबाधासे भाजित जो अपने-अपने कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति है उसके प्रमाणको **आबाधा काण्डक** कहते हैं। पर्याय धारण करनेके पहले समयमें तिष्ठते हुए जीवके **उपपाद योगस्थान** होते हैं। शरीर पर्याप्तिके पूर्ण होनेके समयसे लेकर आयुके अन्त तक **परिणाम योगस्थान** कहलाते हैं। **एकान्तानुवृद्धि योगस्थान** पर्याय धारण करनेके दूसरे समयसे लेकर एक समय कम शरीर पर्याप्तिके अन्तर्मुहूर्तके अन्त समय तक होते हैं, जिनमें नियमकर समय-समयप्रति असंख्यातगुणी अविभाग प्रतिच्छेदोंकी वृद्धि होती है।

बँधे हुए कर्मकी दश अवस्थाएँ अथवा दश करण होते हैं। कर्मोंका आत्मासे सम्बन्ध होना **बन्ध** है। जो कर्मोंकी स्थिति तथा अनुभागका बढ़ना है वह **उत्कर्षण** है। जो बन्ध रूप प्रकृतिका दूसरी प्रकृतिरूप परिणम जाना है वह **संक्रमण** है। जो स्थिति तथा अनुभागका कम हो जाना वह **अपकर्षण** है। उदयकालके बाहर स्थित, अर्थात् जिसके उदयका अभी समय नहीं आया है ऐसा जो कर्म द्रव्य उसको अपकर्षणके बलसे उदयावली कालमें प्राप्त करना **उदीरणा** है। जो पुद्गलका कर्मरूप रहना वह **सत्त्व** है। जो कर्मका अपनी स्थितिको प्राप्त होना अर्थात् फल देनेका समय प्राप्त हो जाना वह **उदय** है। जो कर्म उदयावलीमें प्राप्त न किया जाये अर्थात् उदीरणा अवस्थाको प्राप्त न हो सके वह **उपशान्तकरण** है। जो कर्म उदयावलिमें भी प्राप्त न हो सके और संक्रमण अवस्थाको भी प्राप्त न हो सके उसे **निधत्तिकरण** कहते हैं। जिस कर्मकी उदीरणा, संक्रमण, उत्कर्षण और अपकर्षण ये चारों ही अवस्थाएँ न हो सकें उसे **निकाचितकरण** कहते हैं।

जो प्रकृतियाँ अपने ही रूप उदय फल देकर नष्ट हो जायें वे **स्वमुखोदयी** हैं, उनका काल एक समय अधिक आवलि प्रमाण है, वही क्षयदेश है। जो प्रकृतियाँ अन्य प्रकृतिरूप उदयफल देकर विनष्ट हो जाती

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं, वे **परमुखोदयी** हैं, उनके अन्तकाण्डककी अन्त फालि क्षयदेश है। एक समय मात्रमें संक्रमण होनेको **फालि** कहते हैं। समय समूहमें संक्रमण होना **काण्डक** है।

अधःप्रवृत्त आदि तीन करण रूप परिणामोंके बिना ही कर्म प्रकृतियोंके परमाणुओंका अन्य प्रकृति रूप परिणमन होना वह **उद्वेलन संक्रमण** है। मन्द विशुद्धतावाले जीवकी, स्थिति अनुभागके घटानेरूप, भूतकालीन स्थितिकाण्डक और अनुभाग काण्डक तथा गुणश्रेणी आदि परिणामोंमें प्रवृत्ति होना **विध्यात संक्रमण** है। बन्धरूप हुई प्रकृतियोंका अपने बन्धमें सम्भवती प्रकृतियोंमें परमाणुओंका जो प्रदेश संक्रम होना वह **अधःप्रवृत्त संक्रमण** है। जहाँपर प्रति समय असंख्यात गुणश्रेणीके क्रमसे परमाणु-प्रदेश अन्य प्रकृतिरूप परिणमें सो **गुण संक्रमण** है। जो अन्तके काण्डककी अन्तकी फालिके सर्व प्रदेशोंमें-से जो अन्य प्रकृतिरूप नहीं हुए हैं उन परमाणुओंका अन्य प्रकृतिरूप होना वह **सर्व संक्रमण** है। उत्तर प्रकृतियोंमें ही संक्रमण होता है, किन्तु दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयका तथा चारों आयुओंका **परस्परमें संक्रमण** नहीं होता। संसारी जीवोंके अपने जिन परिणामोंके निमित्तसे शुभकर्म और अशुभ कर्म संक्रमण करें, अर्थात् अन्य प्रकृति रूप परिणमें उसको **भागहार** कहते हैं।

त्रिकोण रचनामें समयप्रबद्धका प्रमाण विवक्षित वर्तमान समयमें तिर्यक् रूप हर एक समयमें एक समयप्रबद्ध बँधता है और एक समयप्रबद्ध ही उदय रूप होता है। **सत्त्व द्रव्य** कुछ कम डेढ़ गुणहानि कर गुणा हुआ समयप्रबद्ध प्रमाण है जो त्रिकोण रचनाके सब द्रव्यको जोड़ देनेसे नियमसे इतना ही होता है।

उपर्युक्त परिभाषाएँ जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश, जैन लक्षणावली, राजेन्द्र अभिधान कोश, षट्खण्डागम, धवल, गोम्मटसार, जीव तत्त्व प्रदीपिका टीका आदि ग्रन्थोंसे ली गयी हैं। इतनी जानकारीके पश्चात् लब्धिसार एवं क्षपणासारकी पूर्व पीठिका बाँधने हेतु अगला अधिकार दिया जा रहा है जो मुख्यतः पण्डित टोडरमलका प्रयास है। उसे याद करनेके पश्चात् ही गणितीय प्रणालीमें प्रवेश करना लाभप्रद होगा। उपर्युक्त लक्षण केवल संकेत मात्र हैं जिनके आलम्बनसे कर्म सिद्धान्तका अनुभव वृद्धिगत हो सके।

§ ৪. अर्थके प्रयोजन

पं. टोडरमलने निम्न पद्यमें अर्थसार निर्दिष्ट कर दिया है—

"नेमिचन्द आह्लादकर माधवचन्द प्रधान।
नमौं जास उज्जास तैं जाने निज गुण थान॥
लब्धिसार कौं पायकैं करिकैं क्षपणासार।
हो है प्रवचनसार सो समयसार अविकार॥"

सम्यक्दर्शनका सहकारी सम्यक्ज्ञान है। मोक्षमार्ग सम्यक्दर्शन, सम्यक्चारित्र और सम्यक्ज्ञानका संयुक्त रूप, आत्मस्वरूप है। सम्यक्दर्शन तीन प्रकार—औपशमिक, क्षायोपशमिक, क्षायिक प्रकारका है। सम्यक्चारित्र दो प्रकार—देशचारित्र और सकलचारित्र प्रकारका है। देशचारित्र क्षायोपशमिक ही है और सकलचारित्र तीन प्रकार है—क्षायोपशमिक, औपशमिक और क्षायिक। इस प्रकार सम्यक्दर्शन सम्यक्चारित्रकी लब्धि होनेपर केवलज्ञान पाकर सयोगी, अयोगी जिन और सिद्धपद प्राप्त होता है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जीवोंके परिणमनके साथ-साथ कर्मोंके बन्ध, सत्त्व उदय अवस्था किस प्रकार परिणमन करती है, विशेष रूपसे ज्ञात करना युक्त हैं। इसी प्रकार चौदह गुणस्थानोंका स्वरूप भी विशेष जानने योग्य है। दशकरणोंका भी विशेष प्रयोजन होता है इनका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है—

नवीन पुद्गलोंका कर्म रूप आत्माके साथ सम्बन्ध होना बन्ध है। यह चार प्रकारका है—प्रकृति-बन्ध, प्रदेशबन्ध, स्थितिबन्ध और अनुभागबन्ध। कर्मरूप होने योग्य जो कार्मण वर्गणा रूप पुद्गलका ज्ञानावरणादि मूल प्रकृति वा उत्तर प्रकृति रूप परिणमना सो **प्रकृतिबन्ध** है। जितनी प्रकृतियोंका जहाँ बन्ध सम्भव हो वहाँ उतनी प्रकृतियोंका बन्ध जानना चाहिए। उन प्रकृतिरूप जितने पुद्गल परमाणु परिणमें उनका प्रमाण रूप प्रदेशबन्ध है, क्योंकि प्रदेश नाम पुद्गल परमाणुका है। वह अभव्य राशिसे अनन्तगुणा तथा सिद्धराशिके अनन्तवाँ भागमात्र प्रमाण होता है। इनको मिलकर एक **कार्माण वर्गणा** होती है। उतनी ही वर्गणाएँ मिलकर एक **समयप्रबद्ध** होता है। इतने परमाणु प्रति समय कर्मरूप होकर एक जीवके बँधते हैं इसलिए इसे समयप्रबद्ध कहते हैं। यह सामान्य प्रमाण है। विशेष योगोंकी अधिक और हीनताके अनुसार समयप्रबद्धमें परमाणुओंकी अधिक और हीनताका अनुपात जानना चाहिए।

एक समयमें ग्रहण किया हुआ जो समयप्रबद्ध है वह यथासम्भव मूल प्रकृति और उत्तर प्रकृति रूप परिणमता है। इन प्रकृतियोंके परमाणुओंके विभागका विधान, बन्ध सत्त्व तथा उदय द्वारा प्रदेशबन्ध रूपमें होता है। जिस प्रकृतिके जितने परमाणु बँटनमें आते हैं उस प्रकृतिका उतने परमाणुओंका समूह मात्र समयप्रबद्ध जानना चाहिए।

जो परमाणु प्रकृतिरूप बँधे, वे परमाणु उस रूप जितने कालके लिए बँधते हैं उस स्थिति प्रमाणके लिए **स्थिति बन्ध** होता है। वहाँ एक समयमें जो स्थिति बन्ध होता है उसमें बन्ध समयसे लगाकर आबाधा-काल तक वहाँ बँधी हुई परमाणुओंके उदय आनेकी योग्यताका अभाव है, इसलिए वहाँ निषेक रचना नहीं है। उसके पश्चात् प्रथम समयसे लेकर बँधी हुई स्थितिके अन्तिम समय तक प्रत्येक समयमें एक-एक निषेक उदय आने योग्य हो जाता है। इसलिए प्रथम निषेककी स्थिति एक समय अधिक आबाधाकाल मात्र होती है। द्वितीय निषेककी स्थिति दो समय अधिक आबाधाकाल मात्र होती है। इस क्रमसे द्विचरम निषेककी स्थिति एक समय कम स्थिति बन्ध प्रमाण होती है। अन्तिम निषेककी स्थिति सम्पूर्ण स्थितिबन्धकी समय राशि प्रमाण होती है।

उदाहरण : मोहकी सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरकी स्थिति बँधी हो तो आबाधाकाल सात हजार वर्षका होगा। प्रथमनिषेककी स्थिति एक समय अधिक सात हजार वर्ष होगी। द्वितीयादि निषेकोंकी क्रमसे एक-एक समय अधिक होगी और अन्तिम निषेककी सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण स्थिति होगी। इस प्रकार आयु कर्मको छोड़कर शेष सात कर्मोंके लिए यह विधान है।

आयुकी स्थितिबन्धमें आबाधाकाल नहीं गिनते हैं क्योंकि उसका आबाधाकाल पूर्व पर्यायमें ही व्यतीत हो चुका होता है। वहाँ उस कालके उदय होनेकी योग्यता नहीं होती इसलिए आयुके प्रथम निषेककी स्थिति एक समय, द्वितीय निषेककी दो समय आदि होती है। इस क्रमसे अन्तिम निषेककी स्थिति सम्पूर्ण स्थितिबन्ध मात्र स्थिति होती है। निषेक रचनाका वर्णन गोम्मटसार कर्मकाण्डमें उपलब्ध है। त्रिकोणयन्त्र रचनाका विवरण द्रष्टव्य है।

बन्ध होनेपर शक्ति ऐसी होती है जो उदयकालमें हीनाधिक विशेष लिये जीवके ज्ञान आच्छादित करती है, इत्यादि। इस प्रकार बन्ध होते हुए शक्तिके होनेका नाम **अनुभाग बन्ध** है। वहाँ एक प्रकृतिके एक समयमें जो परमाणु बँधते हैं उनमें नाना प्रकारकी शक्ति होती है। शक्तिके अविभागी अंशका नाम

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अविभागी प्रतिच्छेद है। उनके समूह द्वारा युक्त जो एक परमाणु होता है उसे **वर्ग** कहते हैं। समान अविभाग प्रतिच्छेदों युक्त जो वर्ग हैं उनके समूहका नाम वर्गणा है। यहाँ स्तोक अनुभाग युक्त परमाणुका नाम **जघन्य वर्ग** है। उनके समूहका नाम **जघन्य वर्गणा** है। जघन्य वर्गसे एक अधिक अविभाग प्रतिच्छेद युक्त जो वर्ग उनके समूहका नाम **द्वितीय वर्गणा** है। इस क्रमसे एक-एक अविभाग प्रतिच्छेद अधिक वर्गोंकी समूह रूप वर्गणा जहाँ तक होती है वहाँ तक उन वर्गणाओंके समूहका नाम **जघन्य स्पर्धक** होता है। जघन्य वर्गसे द्विगुणित अविभागी प्रतिच्छेद युक्त वर्गोंके समूहरूप **द्वितीय स्पर्धक** की प्रथम **वर्गणा** होती है। उसके ऊपर एक-एक अविभाग प्रतिच्छेद अधिक क्रम लिये जो वर्ग हैं उनके समूह रूप वर्गणा जहाँ तक होती हैं वहाँ तक उन वर्गणाओंका समूह रूप द्वितीय स्पर्धक होता है। इसी प्रकार तृतीय, चतुर्थ आदि स्पर्धककी प्रथम वर्गणाके वर्गमें जघन्य स्पर्धकसे तिगुणे, चौगुणे आदि अविभागी प्रतिच्छेद होते हैं। यहाँ सर्व परमाणुओंका प्रमाण उपरिलिखित एक-एक अधिक क्रममें होता है। ऐसा विधान जब तक सम्पूर्ण परमाणु पूर्ण न हो जायें तबतक चलता है। इस क्रमसे गुणहानिशलाकाएँ, स्पर्धकशलाकाएँ, वर्गणा शलाकाएँ तथा वर्गोंकी शलाकाओंकी संख्या प्राप्त की जा सकती है।

त्रिकोण यन्त्रमें स्पर्धकोंकी रचना इस प्रकार होती है कि प्रथमादि स्पर्धक पहलेवाले, निचले स्पर्धक कहलाते हैं। पिछले स्पर्धकोंको ऊपरले स्पर्धक कहते हैं। प्रथमादि स्पर्धकोंमें क्रमसे परमाणुओंका प्रमाण घटता-घटता है अनुभाग बढ़ता-बढ़ता है। वहाँ प्रथमादि सर्वस्पर्धकोंके चार विभाग करते हैं। घातियोंके चार भाग लता, दारु, अस्थि और शैलके समान शक्ति रखते हैं। अप्रशस्त अघातियोंके निंब, कांजीर, विष, हलाहल शक्तिवाले होते हैं। प्रशस्त अघातियोंके गुड़, खंड, शर्करा और अमृत समान शक्तिवाले होते हैं। घातियोंमें लता भागके और कुछ दारु भागके स्पर्धक देशघाती हैं। अवशेष सर्वघाती हैं। स्थितिके पहले निषेक पहले उदय आते हैं, पिछले बादमें उदयमें आते हैं। उसी प्रकार अनुभागके पहले स्पर्धक पहले उदय आनेका, या पिछले स्पर्धक पीछे उदय आनेका नियम नहीं है।

अनेक समयोंमें बँधे हुए कर्मोंका विवक्षित कालादिमें जीवमें अस्तित्व होना **सत्त्व** है। यह चार प्रकारका है: प्रकृतिसत्त्व, प्रदेशसत्त्व, स्थितिसत्त्व और अनुभागसत्त्व। यहाँ अनेक समयों में बँधी ज्ञानावरणादिक मूल प्रकृति वा उनकी उत्तर प्रकृतियोंका जो अस्तित्व है उसे **प्रकृतिसत्त्व** कहते हैं। उन प्रकृति रूप परिणमें तथा अनेक समयोंमें बँधे, ग्रहण किये गये पुद्गल परमाणुओंका अस्तित्व **प्रदेशसत्त्व** कहलाता है। प्रत्येक समयमें एक-एक समयप्रबद्ध ग्रहण किये गये परमाणुओंके एक-एक निषेक क्रमसे निर्जरित होते हैं। यदि समयप्रबद्धके सर्व निषेक गल जायें तो उनका अस्तित्व समाप्त हो जाये। यहाँ त्रिकोण यन्त्र रचनामें किसी समयप्रबद्धके अन्य निषेक गलनेपर एक निषेक अवशेष रहता है, किसी अन्यके अन्य निषेक गलनेपर दो निषेक अवशेष रहते हैं। इस क्रमसे जिस समयप्रबद्धका एक निषेक गला हो तो उसके बिना सर्व निषेक अवशेष रहते हैं। जिसका कोई भी निषेक नहीं गला हो उसके सर्व ही निषेक अवशेष रहते हैं। ऐसे सभी अवशेष रहे निषेकोंका कुछ प्रमाण सत्त्व है जिसका प्रमाण किंचित् ऊन ड्योढ़ गुणहानि गुणित समयप्रबद्ध प्रमाण सिद्ध होता है। (देखिए, गोम्मटसार जीवकाण्ड)।

यह महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि उपर्युक्त विवक्षा एक प्रकृति सम्बन्धी है। ऐसे ही सर्व प्रकृतियों सम्बन्धी समयप्रबद्धोंका वर्णन होगा।

पुनः उन अनेक समयोंमें बँधी प्रकृतियोंकी स्थितिका नाम **स्थिति सत्त्व** है। उन प्रकृतियोंका जिस समयप्रबद्धका एक निषेक अवशेष रहा उसकी एक समयकी स्थिति है। जिसका दो निषेक अवशेष रहा उसके प्रथम निषेककी एक समय और द्वितीय निषेककी दो समय स्थिति है। इस क्रमसे जिसका एक भी निषेक नहीं गला है उसकी प्रथमादि निषेकोंकी एक, दो आदि समयोंसे अधिक आबाधाकाल मात्र स्थितिके क्रमसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्तिम निषेककी सम्पूर्ण स्थितिबन्ध मात्र स्थिति होती है। यहाँ सत्त्वमें अनेक समयप्रबद्धोंके एक समयमें उदय आने योग्य अनेक निषेक मिलकर जितना हो उसे एक निषेक जानना चाहिए (पं. टोडरमलके अनुसार)। इनमें परमाणुओंका प्रमाण निकाला जा सकता है। सामान्यतः यदि एक प्रकृतिकी विवक्षा हो तो उसके पहले बँधे तथा बादमें बँधे समयप्रबद्धोंमें जिसके बहुत निषेक सत्तामें पाये जायें उस समयप्रबद्धके अन्तिम निषेककी जो स्थिति हो उस प्रमाण स्थितिसत्त्व होता है। यदि सर्व प्रकृतियोंकी विवक्षा हो तो जिस प्रकृतिके समयप्रबद्धके अन्तिम निषेककी बहुत स्थिति हो, उसके अन्तिम निषेककी स्थिति प्रमाण स्थिति सत्त्व कहना चाहिए।

उन अनेक समयोंमें बँधी जो प्रकृतियाँ हैं उनका जो अनुभाग अस्तित्व रूप है उसका नाम **अनुभाग सत्त्व** है। वहाँ एक समयमें उदय आने योग्य अनेक समयप्रबद्धोंके निषेक मिलकर सत्ता सम्बन्धी एक निषेकके परमाणुओंमें; अथवा अनेक समयप्रबद्धोंमें बँधे समयप्रबद्धोंके गलनेके पश्चात् अवशेष रहे उन सभी परमाणुओंमें पूर्वोक्त प्रकार अविभाग प्रतिच्छेद वर्ग वर्गणा, स्पर्धक रूप अनुभागका विशेष गणित ज्ञातव्य है। वहाँ परमाणुओंका प्रमाण भी पूर्वोक्त प्रकार लाना चाहिए।

इसी प्रकार कर्मोंका अपने काल आये फल देने रूप खिरनेको सम्मुख होना **उदय** है, जो चार प्रकार है—प्रकृति उदय, प्रदेश उदय, स्थिति उदय तथा अनुभाग उदय। जिस समयप्रबद्धका एक भी निषेक नहीं गला हो उसका प्रथम निषेक उदयमें आता है। जिसका प्रथम निषेक पहले गला हो उसका द्वितीय निषेक वहाँ उदय होता है। इस क्रमसे जिसके दो निषेक अवशेष रहे उसका वहाँ उपान्त निषेक उदय होता है। जिसका एक निषेक अवशेष रहा हो उसका वही अन्तिम निषेक वहाँ उदयमें आता है। इस प्रकार सभी निषेक मिलकर एक समयप्रबद्ध मात्र परमाणुओंका उदय होता है।

अब विशेषता लिये हुआ विवरण उदीरणा आदिका निम्न रूपमें प्रस्तुत है—ऊपरके नीचेके अन्य समयोंमें उदय आने योग्य निषेकोंके परमाणु, उस विवक्षित समयमें उदय आने योग्य निषेकोंमें मिलाया गया हो तो वे परमाणु भी उन्हींके साथ उसी समयमें उदयमें आते हैं। इसी प्रकार घटानेकी प्रक्रिया है। इसी प्रकार अनुभाग उदयका मिश्रप्रभाव सम्भव होता है।

अपक्व पाचन, उदय कालको प्राप्त न हुआ जो कर्म है उसका पाचन उदय कालमें प्राप्त करना **उदीरणा** है। वहाँ वर्तमान समयसे लगाकर आवली मात्र कालमें उदय आने योग्य जो निषेक हैं उनका नाम **उदयावली** है। उसके ऊपरवर्ती निषेकोंको **उदयावली बाह्य** कहते हैं। उदयावली बाह्यमें जो तिष्ठे हुए निषेक हैं उनके परमाणुओंको उदयावलीके निषेकोंमें मिलाते हैं। इस प्रकार बहुत कालमें उदय आनेवाले अपक्व निषेकोंको उदयावलीके निषेकोंके साथ ही उदय आने योग्य करना, वही पाचन जैसा कार्य जिस समय हो उसी समयमें उदीरणा कहलाती है। उसी समयमें वही द्रव्य सत्तारूप वा उदयरूप है।

स्थिति, अनुभागका बढ़ना उत्कर्षण है। वहाँ स्तोककालमें उदय आने योग्य जो नीचेके निषेक, उनके परमाणु, बहुत कालमें उदय आने योग्य जो ऊपरके निषेकोंमें मिलें, तो इस प्रकार स्तोक स्थितिका बहुत स्थिति होनेका नाम **स्थिति उत्कर्षण** है। पुनः स्तोक अनुभाग युक्त जो नीचेके स्पर्धक, उनके परमाणु जब बहुत अनुभागवाले ऊपरके स्पर्धकोंमें मिलते हैं; तब स्तोक अनुभागका बहुत अनुभाग होनेका नाम **अनुभाग उत्कर्षण** होता है। इसी प्रकार **अपकर्षण**का विवरण है। गणितीय प्रक्रिया इस प्रकार है—यहाँ विवक्षित सर्व परमाणुओंके समूहको उत्कर्षण और अपकर्षण भागहार द्वारा विभाजित करनेपर, एक भाग मात्र परमाणुओंका ग्रहण कर उन्हें यथायोग्य नीचे अथवा ऊपर मिलाया जाता है। ये भागहार गुणसंक्रम भागहारसे असंख्यात गुणा और अधःप्रवृत्त संक्रम भागहारके असंख्यातवें भाग रूप पल्यके अर्द्धच्छेदोंके असंख्यातवें भागमात्र जानना चाहिए।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अन्य प्रकृतिका परमाणु अन्य प्रकृति रूप होनेकी प्रक्रिया **संक्रमण** कहलाती है। जैसे संक्लेशपनेसे पूर्वमें असाता वेदनीय बँधी थी, बादमें विशुद्धताके बलसे उसके परमाणु साता वेदनीय रूप होकर परिणमन करते हैं। इसी प्रकार यथायोग्य अन्य प्रकृतियोंका संक्रमण भी ज्ञातव्य है। उद्वेलन प्रकृतिके जो परमाणु उन्हें उद्वेलन भागहारका भाग देनेपर, एक भाग मात्र परमाणु जहाँ अन्य प्रकृति रूप होकर परिणमन करते हों वहाँ **उद्वेलन संक्रमण** होता है। जहाँ मन्द विशुद्धता युक्त जीवके जिसका बन्ध न पाया जाये ऐसी जो विवक्षित प्रकृति हो, उसके परमाणुओंमें विध्यात भागहारका भाग देनेसे प्राप्त एक भागमात्र परमाणु अन्य प्रकृति रूप होकर परिणमन करनेको **विध्यात संक्रमण** कहते हैं। जहाँ जिसका बन्ध सम्भव हो ऐसी जो विवक्षित प्रकृति, उसके परमाणुओंमें अधःप्रवृत्त भागहार द्वारा भाग देनेसे प्राप्त एक भागमात्र परमाणुओंका अन्य प्रकृति रूप होकर परिणमन करना **अधःप्रवृत्त संक्रमण** कहलाता है। जहाँ विवक्षित अशुभ प्रकृतिके परमाणुओंको गुणसंक्रमण भागहार द्वारा विभाजित करनेसे प्राप्त एक भाग मात्र परमाणु अन्य प्रकृति रूप होकर परिणमन करें; कि प्रथम समय जितने परमाणु परिणमें, उसके दूसरे समय असंख्यात गुणे परिणमें, इत्यादि, वहाँ **गुणसंक्रमण** है। जहाँ विवक्षित प्रकृतिके परमाणु अन्य प्रकृति रूप समय-समय परिणमते हुए अन्त समयमें अन्तिम फालिरूप ही अवशेष परमाणु जो हों वे सभी अन्य प्रकृति रूप होकर परिणमें, तो वहाँ **सर्वसंक्रमण** कहलाता है। भागहारोंका प्रमाण गोम्मटसारादि ग्रन्थोंसे ज्ञातव्य है।

इसी प्रकार उपशान्तकरण, निधत्तिकरण और निकाचितकरणका विवरण है। **बन्ध सत्वकी हानि** होनेपर **संवर-निर्जरा** होती है। ये दर्शनचारित्र लब्धिपर आधारित हैं। दर्शनचारित्र लब्धिके निमित्तसे प्रथम ही मिथ्यात्व, नारक गति आदि अति अप्रशस्त प्रकृतियोंका और बादमें ज्ञानावरणादि अप्रशस्त प्रकृतियों वा प्रशस्त प्रकृतियोंके बन्धका अभाव हो जाता है। वहाँ प्रकृति बन्धका क्रमसे घटनेका नाम **प्रकृतिबन्धापसरण** है। प्रदेशबन्ध योगोंके अनुसार है इसलिए योगोंकी चंचलता हीन होनेपर **प्रदेशबन्ध** हीन हो जाता है। सर्वथा योग नाश होनेपर प्रदेशबन्धका भी सर्वथा अभाव हो जाता है। **स्थितिबन्ध** कषायोंके अनुसार होता है इसलिए मिथ्यात्वादि कषायोंके कम होनेपर स्थितिबन्ध क्रमसे हीन हो जाता है जिसे **स्थितिबन्धापसरण** कहते हैं। पूर्वमें जितना स्थितिबन्ध होता था उससे विवक्षित कालमें जितना स्थितिबन्ध घटा उसी प्रमाण लिये स्थितिबन्ध अपसरण है। स्थितिबन्धापसरण होनेपर जितने कालमें समान स्थितिबन्ध सम्भव हो वह स्थितिबन्धापसरण काल है। **उदाहरण** : पूर्वमें १ लाख वर्ष मात्र स्थितिबन्ध सम्भव था। उसके एक हजार वर्ष प्रमाण मान लो स्थितिबन्धापसरण हुआ। तब अवशेष ९९००० वर्ष मात्र स्थितिबन्ध रहा। स्थितिबन्धापसरणके कालके पहले समयमें इतना स्थितिबन्ध होता है। इतना ही दूसरे समय, इत्यादि समान स्थितिबन्ध होता रहता है। बादमें मान लो ८०० वर्ष मात्र अन्य स्थितिबन्धापसरण हुआ, तब ९८२०० वर्ष मात्र शेष स्थितिबन्ध रहा। उस स्थितिबन्धापसरण कालके प्रथमादि समयोंमें उतना समान स्थितिबन्ध होता रहेगा। इस प्रकार स्थितिबन्ध घटते अपनी व्युच्छित्ति होनेके समयमें जघन्य स्थितिबन्ध होता है। बादमें **स्थितिबन्धका नाश** होता है। यह आयु बिना सर्व प्रकृतियोंका उपरोक्त क्रममें होता है। आयुका स्थितिबन्धापसरण सम्भव नहीं होता है क्योंकि नरक बिना तीन आयुका स्थितिबन्ध विशुद्धिसे अधिक होता है। पुनः अन्य सर्व शुभाशुभ प्रकृतियोंका स्थितिबन्ध संक्लेशतासे बहुत होता है और विशुद्धतासे स्तोक होता है।

अनुभाग बन्ध पापप्रकृतियोंका संक्लेशसे बहुत होता है और विशुद्धतासे स्तोक होता है। पुण्य प्रकृतियोंका संक्लेशतासे स्तोक होता है विशुद्धिसे अधिक होता है। इस प्रकार अनन्तगुणा वा यथासम्भव घटता वा बढ़ता अप्रशस्त वा प्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग बन्ध अधिक हीन क्रमसे जैसे जहाँ सम्भव होता है वहाँ वैसे जानना चाहिए। पुनः प्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग बन्ध अधिक होनेसे आत्माका कथंचित् बुरा

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

नहीं होता इसलिए संसारमें रहना तो स्थिति बन्धके अनुसार है। घातियोंके द्वारा आत्मगुणोंका घात होनेसे घातिया अप्रशस्त ही है इसलिए दर्शन चारित्रकी लब्धिसे प्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागकी अधिकता, अप्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागकी हीनता होती है। इस प्रकार कषायोंका अभाव होनेपर **अनुभाग बन्धका अभाव** होता है।

सत्त्व नाशका क्रम इस प्रकार है—दर्शनचारित्र लब्धिके निमित्तसे सर्वप्रथम मिथ्यात्वादि अति अप्रशस्त प्रकृतियोंका, तत्पश्चात् ज्ञानावरणादि अप्रशस्त प्रकृतियोंका और फिर प्रशस्त प्रकृतियोंका सत्त्व नाश होता है। सत्त्व नाश स्वमुख उदय द्वारा तथा परमुख उदय द्वारा दोनों प्रकार होता है। वहाँ जो प्रकृति अपने ही रूप रहकर अपनी स्थिति सत्त्वके अन्त निषेकका उदय होनेपर अभावको प्राप्त होती है उसका स्वमुख उदय द्वारा सत्त्व नाश होता है। जैसे संज्वलन लोभ प्रकृति, क्षपक सूक्ष्मसाम्परायके अन्तमें अपने ही रूप उदय होकर नाशको प्राप्त होती है। जो प्रकृति संक्रमणके वशसे अन्य प्रकृति रूप परिणमन कर अपने अभावको प्राप्त होती है उसका परमुख उदय द्वारा सत्त्व नाशको प्राप्त होता है। एक-एक सत्ताके निषेकोंके परमाणु एक-एक समयमें उदय रूप होकर निर्जरित होते हैं। दर्शनचारित्र लब्धिके निमित्तसे ऊपरके निषेकोंके परमाणु निचले निषेक रूप होकर परिणमते हैं। वहाँ एक-एक समयमें साधिक समयप्रबद्धकी वा अनेक समय प्रबद्धोंकी निर्जरा होती है। इस प्रकार निर्जरा अधिक किन्तु बन्ध थोड़ा होता है। यहाँ तक कि किसी कालमें किसी प्रकृतिका बन्ध नहीं होता है, केवल निर्जरा ही होती है। इस प्रकार सर्व कर्म परमाणुओंका नाश होनेपर **सर्वथा प्रदेश सत्त्व नाश** होता है।

अब स्थिति सत्त्व नाश क्रमका वर्णन है। एक-एक समय व्यतीत होते स्थिति सत्त्व एक-एक समय घटता है। दर्शनचारित्र लब्धिके निमित्तसे स्थिति काण्डक विधानसे और अपकृष्टि विधानसे स्थिति सत्त्वका घटना होता है।

काण्डक विधान : बहुत प्रमाण लिये स्थिति सत्त्व था, उसके समय-समय प्रति उदय आने योग्य बहुत ही निषेक थे, उनमें कितने एक ऊपरके निषेकोंका नाश कर स्थिति सत्त्व घटाया जाता है। वहाँ उन नाश करने योग्य निषेकोंके जो सर्व परमाणु हैं उनका नाश करनेके पश्चात् जो स्थिति रहेगी उसके आवली मात्र ऊपरके निषेक छोड़कर सर्व निषेकोंमें मिलते हैं। वहाँ उन सर्व परमाणुओंमें कितने एक परमाणु पहले समयमें मिलते हैं, कितने एक दूसरे समयमें मिलते हैं, इस प्रकार यथासम्भव अन्तर्मुहूर्त काल पर्यन्त परमाणुओंको निचले निषेकमें प्राप्त करते हैं। वहाँ अन्त समयमें अवशेष रहे सर्व परमाणुओंको निचले निषेकमें प्राप्त होते रहते उन नाश करने योग्य निषेकोंका नाश हुआ, तब जितने निषेकोंका नाश हुआ उतने समय प्रमाण स्थिति सत्त्व वहाँ घट जाता है।

उदाहरण—मान लो स्थिति सत्त्व ४८ समय मात्र था। उसके ४८ ही निषेक थे। उन सर्व निषेकोंके मान लो २५००० परमाणु थे। उनमें ८ निषेकोंका नाश करनेपर वहाँ उन निषेकोंके १००० परमाणु हैं। अवशेष ४० निषेकोंमें ऊपरके दो निषेक छोड़कर नीचेके ३८ निषेकोंमें वे १००० परमाणु मिलते हैं। वहाँ उन निषेकोंमें कई परमाणु पहले समयमें, कई दूसरे समयमें, इस प्रकार चार समय पर्यन्त मिलते हैं। वहाँ चौथे समय अवशेष सर्व परमाणुओंको उन ३८ निषेकोंमें मिलनेपर उन ८ निषेकोंका अभाव हो जाता है। उनका अभाव होनेपर ४८ समयका स्थिति सत्त्व था वह अब ४० समयका शेष रहा।

इस प्रकार निषेकोंको क्रमसे निचले निषेक रूप परिणमाकर स्थितिका घटाना **स्थिति काण्डक** है। इस एक काण्डकमें निषेकोंका नाश कर जितनी स्थिति घटायी गयी उसके प्रमाणका नाम **स्थिति काण्डक आयाम** है। उपरोक्त उदाहरणमें आठ समय यह आयाम है। उसके नाश करने योग्य निषेकोंका जो सर्व द्रव्य है उसका नाम **काण्डक द्रव्य** है, यहाँ उदाहरणमें १००० है। इस द्रव्यको अवशेष स्थितिके निषेकोंमें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिलाते हैं। वहाँ आवली मात्र निषेकोंमें नहीं मिलाया जाता है, इस आवलीको **अतिस्थापनावली** कहते हैं। यहाँ उदाहरणमें यह दो निषेक हैं। पुनः इसके बिना अवशेष स्थितिके ३८ निषेकोंमें उस काण्डक द्रव्यको मिलाना **काण्डकोत्करण** अथवा **काण्डकघात** संक्रिया (?) कहलाती है। एक काण्डकका उत्कर्षण, अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा पूर्ण होता है। जिसका नाम **काण्डकोत्करण काल है**, यहाँ उदाहरणमें यह चार समय है। पुनः इस कालके प्रथम समयमें उस काण्डक द्रव्यका ग्रहण कर जितने परमाणु अवशेष निषेकोंमें मिलाये गये उसका नाम **प्रथम फालि** है। द्वितीय समयमें मिलाये गये परमाणु, **द्वितीय फालि** कहलाते हैं। इसी प्रकार क्रमशः अन्तिम समयमें मिलाये गये का नाम **चरम फालि** है। इस तरह एक काण्डक समाप्त होनेपर द्वितीय काण्डक प्रारम्भ होता है। ऐसे ही अनेक काण्डक होनेपर, स्तोक स्थिति सत्त्व अवशेष रहनेपर काण्डक क्रिया नहीं होती है। इस अवशेष स्थितिका नाश एक-एक समय व्यतीत होते कम (?) होता है।

अपकृष्टि विधान—विवक्षित कर्म प्रकृतिके सर्व निषेक सम्बन्धी सभी परमाणु राशिमें अपकर्षण भागहारका भाग देनेपर एक भाग मात्र परमाणु ग्रहण करनेपर **अपकृष्ट द्रव्य**का प्रमाण होता है। उस अपकृष्ट द्रव्यमें कितने एक परमाणु उदयावलीमें मिलते हैं, कितने एक प्रमाण गुणश्रेणी आयाममें मिलते हैं, अवशेष परमाणु उपरितन स्थितिमें मिलाते हैं। वहाँ वर्तमान समयसे लगाकर आवलीमात्र समय सम्बन्धी जो निषेक हैं उनका नाम **उदयावली** हैं। उन निषेकोंमें उदयावलीमें देने योग्य जो द्रव्य है, उसको निषेक निषेक प्रति एक-एक चय घटता क्रम-क्रमसे मिलाते हैं। पुनः उन आवली मात्र निषेकोंके उपरिवर्ती, यथा-सम्भव अन्तर्मुहूर्तके समय सम्बन्धी जो निषेक हैं उनका नाम **गुणश्रेणी आयाम है**।

गुणश्रेणी आयाम निषेकोंमें देने योग्य जो द्रव्य है उसे निषेक-निषेक प्रति असंख्यातगुणा क्रम लिये मिलाते हैं। उनके उपरिवर्ती अवशेष सर्व स्थिति सम्बन्धी निषेकोंका नाम **उपरितन स्थिति** है। उनमें अन्तके आवली मात्र निषेकोंमें तो द्रव्य नहीं मिलाते हैं, इस आवलीका नाम **अतिस्थापनावली है**। उसके बिना अन्य निषेकोंमें उपरितन स्थितिमें देने योग्य जो द्रव्य है उसे **नानागुणहानि रचना** द्वारा निषेक प्रतिचय घटते क्रमसे मिलाते हैं।

उदाहरण—मान लो विवक्षित कर्म प्रकृतिकी स्थिति ४८ समय है। उसके ४८ निषेक हैं तथा परमाणु २५००० हैं। इसमें अपकर्षण भागहार प्रमाण (मान लो) पाँचका भाग देनेपर ५००० हुए। सर्व परमाणुओंमेंसे इतने ५००० परमाणु ग्रहण कर उनमेंसे २५० परमाणु उदयावलीमें देते हैं। इस प्रकार ४८ निषेकोंमेंसे प्रथमादि चार निषेक उदयावलीके हैं, उनमें चय घटते क्रमसे मिलाते हैं। पुनः १००० परमाणु गुणश्रेणि आयाममें देते हैं। इसलिए पाँचवाँ आदि बारहवें पर्यन्त जो ८ निषेक गुणश्रेणी आयामके हैं उनमें असंख्यात गुणाक्रम लिये मिलाते हैं। ३७५० परमाणु उपरितन स्थितिमें देते हैं, वहाँ ३६ निषेक अवशेष रहनेवालोंमें अन्तके ४ निषेक छोड़ देते हैं क्योंकि वे अतिस्थापनावलीके हैं। अवशेष तेरहवाँसे लेकर चवालीस पर्यन्त ३२ निषेकोंमें नानागुणहानिकी रचना लिये चय घटते क्रममें मिलाते हैं। मिलानेका विधान आगे वर्णित है।

कहीं **उदयादिक गुणश्रेणि आयाम** होता है। अपकृष्ट द्रव्यमें कितने एक द्रव्यको तो गुणश्रेणी आयाम प्रमाण जो वर्तमान समय सम्बन्धी निषेकसे लगाकर निषेकोंमें असंख्यात गुणाक्रमसे मिलाते हैं। अवशेषको उपरितन स्थितिमें मिलाते हैं। इस प्रकार यहाँ गुणश्रेणि आयाममें उदयावली गर्भित होती है।

गुणश्रेणि आयाममें कहीं गलितावशेष और कहीं अवस्थित होता है। गलितावशेष गुणश्रेणिका प्रारम्भ करनेके लिए प्रथम समयमें जो गुणश्रेणि आयामका प्रमाण था, उसमेंसे एक-एक समय व्यतीत होते उसके द्वितीयादि समयोंमें गुणश्रेणि आयाम क्रमसे एक एक निषेक घटता हुआ अवशेष रहेका नाम **गलितावशेष है**। **अवस्थित** गुणश्रेणि आयामके प्रारम्भ करनेके प्रथम-द्वितीयादि समयोंमें गुणश्रेणि आयाम जितनाका तितना

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

बना रहता है। ज्यों-ज्यों एक-एक समय व्यतीत होता जाता है, त्यों-त्यों गुणश्रेणि आयामके अनन्तरवर्ती ऐसे उपरितन स्थितिके एक-एक निषेक गुणश्रेणि आयाममें मिलते जाते हैं—इसीका नाम **अवस्थित गुणहानि आयाम** है। इसी गुणश्रेणि आयामके अन्तके बहुतसे निषेकोंका नाम कहीं **गुणश्रेणि शीर्ष** कहा गया है। कहीं-कहीं अन्तके एक निषेकका ही नाम **गुणश्रेणी शीर्ष** है क्योंकि शीर्ष नाम उपरितन अंगका ही है। इस प्रकार यथासम्भव **गुणश्रेणी निर्जरा**का विधान जानना चाहिए।

यहाँ उदयावलीमें दिये गये द्रव्यका नाम **उदीरणा** जानना चाहिए। जहाँ स्तोक स्थिति सत्त्व अवशेष रहे वहाँ गुणश्रेणीका भी अभाव होता है। अपकृष्ट द्रव्यमें कितना एक द्रव्यको उदयावलीमें देकर अवशेषको उपरितन स्थितिमें देते हैं। एक समय अधिक आवली मात्र स्थिति शेष रहे, आवलीके उपरिवर्ती जो एक निषेक—उसके द्रव्यका अपकर्षण कर उदयावलीके निषेकोंमें एक समय कम आवलीका उपरिवर्ती जो एक निषेक—उसके द्रव्यका अपकर्षण कर उदयावलीके निषेकोंमें एक समय रूप कम आवलीके दो त्रिभाग मात्र निषेकोंको अतिस्थापना रूप छोड़कर समय अधिक आवलीको त्रिभागमात्र निषेकोंमें मिलाते हैं। वहाँ **जघन्य उदीरणा** नाम पाते हैं। ऐसा अपकृष्टि विधान है।

काण्डक विधानमें स्थिति सत्त्वका घटना मूलसे होता है क्योंकि ऊपरके अनेक निषेकोंका नाश कर स्थिति सत्त्वका घटना मूलसे है। पुनः **अनुकृष्टि विधान**में ऊपरके निषेकोंके अनेक परमाणुओं हीं की स्थिति घटाना होती है। मूलसे निषेक नाश नहीं होता, इसलिए मूलसे स्थिति सत्त्वका घटाना नहीं होता है। स्थिति सत्त्वमें आवली मात्र अवशेष रहनेका नाम **उच्छिष्टावली** है। उसमें उदीरणा आदि कार्य नहीं होते हैं। पूर्वमें ये कार्य हुए थे जिनके द्वारा एक-एक समयमें उदय आने योग्य ऐसे अनेक समयप्रबद्ध मात्र परमाणुओं-के समूह रूप निषेक हुए, उन्हींके द्वारा एक समयमें गलते और निर्जरित होते हैं। इसका नाम **अयोगकल** है। इस प्रकार उच्छिष्टावली व्यतीत होनेपर सर्वथा स्थिति सत्त्व नाश होता है।

सत्ता रूप विवक्षित कर्म प्रकृतिके परमाणुओंमें अनुभागकी अधिकता हीनता लिये स्पर्धक रचना होती है। वहाँ नीचेके स्पर्धक स्तोक अनुभागयुक्त होते हैं। ऊपरके स्पर्धक बहुत अनुभाग युक्त होते हैं। वहाँ जो निषेक उदयमें आते हैं उनके अनुभागका भी उदय पूर्वोक्त प्रकार होता है। दर्शन चारित्र लब्धिके द्वारा अप्रशस्त प्रकृतियोंका अनुभाग घटाना सम्भव होता है। वहाँ जिस प्रकार स्थिति घटाने हेतु काण्डक विधान कहा गया है वैसे यहाँ भी विधान जानना चाहिए। वह निम्न प्रकार है—

बहुत अनुभागयुक्त ऊपरके बहुत स्पर्धकोंका अभाव कर उनके परमाणुओंको स्तोक अनुभाग युक्त नीचेके स्पर्धकोंमें क्रमसे मिलाकर अनुभागके घटानेका नाम **अनुभाग काण्डक** है अथवा **अनुभाग खण्डन** है। अनुभागको लांछित करना अथवा खण्डित करना **अनुभाग काण्डकोत्करण** अथवा **अनुभाग काण्डक घात** कहते हैं। एक अनुभाग काण्डकका घात अन्तर्मुहूर्त कालमें सम्पूर्ण होता है। इस कालका नाम **अनुभाग काण्डकोत्करण काल** है। इस काल अन्तरालमें नाश करने योग्य स्पर्धकोंके परमाणुओंको ग्रहण कर नाश करनेके पश्चात् जो अवशेष स्पर्धक रहें उनमें कितने एक ऊपरके स्पर्धक अतिस्थापना रूप छोड़कर अन्य सर्व निषेकोंमें मिलाते हैं।

उदाहरण : मान लो विवक्षित प्रकृतिके पाँच सौ स्पर्धक थे। उनमें अनन्तके प्रमाण प्रतीक ५ का भाग देनेसे प्राप्त बहुभाग प्रमाण ४०० स्पर्धकोंका नाश करते हैं। वहाँ उनके परमाणुओंको अवशेष १०० स्पर्धकोंमें इस प्रकार मिलाते हैं कि १० स्पर्धक अतिस्थापना रूप छोड़कर ९० स्पर्धकोंमें उक्त निक्षिप्त हो जायें।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यहाँ एक अनुभाग काण्डक द्वारा जितना अनुभाग घटाया गया उसका नाम **अनुभाग कांडक आयाम** है। पुनः नाश करने योग्य स्पर्धकोंके सर्व परमाणुओंको ग्रहण कर अनुभाग काण्डकके प्रथम समयमें जितनी परमाण राशि अवशेष स्पर्धकोंमें मिलायी उसका नाम **प्रथम फालि** है। द्वितीय समय जो मिलायी गयी उसका नाम **द्वितीय फालि** है। इत्यादि क्रम है। इस प्रकार एक काण्डककी समाप्ति कर अन्य काण्डकका प्रारम्भ होता है। इस तरह अनेक अनुभाग काण्डकों द्वारा अनुभाग घटाते हैं। जहाँ विशुद्धता बहुत होती है वहाँ अन्तर्मुहूर्तमें होता था जो काण्डकघात उसके अनुभागका **समयापवर्तन** होता है। वहाँ समय-समय प्रति अनन्त गुणे क्रमसे अनुभाग घटाते हैं। पूर्व समयमें जो अनुभाग था, उसमें अनन्तका भाग देनेसे प्राप्त बहुभाग-का नाश कर एक भाग मात्र अनुभाग अवशेष रखते हैं। इस प्रकार समय-समय प्रति अनुभागका घटाना होनेसे इसका नाम **अनुसमयापवर्तन** है। [काण्डक पोरको कहते हैं। कुछ अनुभागके हिस्से करके, एक-एक हिस्सेका फालिक्रमसे अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा अभाव करना **अनुभाग काण्डक घात** है। प्रतिसमय अनन्त बहुभाग अनुभागका अभाव करना **अनुसमयापवर्तन** है।]

संज्वलन कषायमें अनुभाग घटनेके क्रमसे अपूर्व स्पर्धक रचना और बादर कृष्टि रचना होती है। संज्वलन लोभमें सूक्ष्म कृष्टि रचना होती है। सर्वत्र स्तोक अनुभाग युक्तकी रचना नीचे होती है और बढ़ती अनुभाग रचना ऊपर होती है। उसकी अपेक्षा स्पर्धकोंकी कृष्टियोंको नीचे ऊपर कहते हैं। इस क्रमसे अप्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभाग सत्त्वका नाश होता है। प्रकृति सत्त्वका नाश होनेपर सर्वथा उनके अनुभाग सत्त्वका नाश होता है। प्रशस्त प्रकृतियोंका काण्डकादि विधानसे अनुभाग सत्त्वका नाश करते हैं। प्रकृति सत्त्वके साथ उनके अनुभाग सत्त्वका नाश जानना चाहिए। इस क्रमसे निर्जराका विधान है।

प्रयोजित संज्ञाएँ

कर्म प्रकृतियोंके कथनमें उनके परमाणुओंका नाम **द्रव्य** है। बन्धरूप परमाणुओंका नाम **बन्ध द्रव्य** है। सत्त्व रूप परमाणुओंका नाम **सत्त्व द्रव्य** है। स्थिति काण्डकके निषेकोंके परमाणुओंका नाम **काण्डक द्रव्य** है। वहाँ प्रथमादि फालियोंके परमाणुओंका नाम प्रथमादि **फालि द्रव्य** है। ऊपरके वा नीचेके निषेक छोड़कर बीचके कितने एक निषेकोंका अभाव करनेरूप **अन्तरकरण** होता है। वहाँ अभाव करने रूप निषेकों-के परमाणुओंका 'नाम **अन्तरकरण द्रव्य** है। उदय आनेके अयोग्य किये परमाणुओंका नाम **उपशम द्रव्य** है। विवक्षित सत्ता रूप निषेक थे, उनमें नवीन मिलाये गये परमाणुओंको **दीयमान द्रव्य** कहते हैं। सत्तारूप थीं, उनमें नवीन परमाणुओंके मिलने पर जो सर्वपरमाणुओंका समूह बना उसे **दृश्यमान द्रव्य** कहते हैं (?)। काण्डकका नाम **पर्व** (पोरा) भी है। जिस प्रकार गन्नेको पेरा जाता है उसी प्रकार मर्यादारूप स्थानका नाम **पर्व** है। जिस प्रकार स्थितिमें घटनेका मर्यादारूप स्थान होता है, उसका नाम **स्थिति काण्डक** है। अनुभागमें भी घटनेका मर्यादा रूप स्थान होता है, उसका नाम **अनुभाग काण्डक** है। अनन्तानुबन्धीकी स्थितिमें चार **स्थान** ही चार पर्व कहे जाते हैं। पुनः अपकृष्ट द्रव्यके मिलानेके जहाँ तीन स्थान हैं वहाँ **तीन पर्व** कहे जाते हैं।

आयाम का दूसरा नाम लम्बाई है जो युगपत्से भिन्न कालके प्रमाणकी संज्ञा रूप है। कहीं ऊपर-ऊपर रचना होती है वहाँ उनके प्रमाणमें भी आयाम संज्ञा होती है। जैसे, स्थितिके प्रमाणका नाम **स्थिति आयाम** है। स्थिति काण्डकके निषेकोंके प्रमाणका नाम **स्थिति काण्डक आयाम** है। अन्तरकरणमें जितने निषेकोंका अभाव किया गया हो उसका नाम **अन्तरायाम** है। गुणश्रेणिके निषेकोंके प्रमाणका नाम **गुणश्रेणि आयाम** है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गुण नाम **गुणकार** का है। गुणकारकी पंक्ति लिए जहाँ निषेकोंमें द्रव्य देते हैं उसका नाम **गुणश्रेणी** है। समय-समय गुणकार लिये विवक्षित प्रकृतिके परमाणु अन्य प्रकृतिरूप संक्रमण करनेका नाम **गुणसंक्रम** है। गुणकार लिये हानि अथवा हीनता या घटवारी जहाँ होती है उसका नाम **गुणहानि** है।

विवक्षित कर्मस्थितिमें निषेकोंके उपरिवर्ती निषेकोंका नाम **उपरितन स्थिति** है गुणश्रेणीके कथनमें गुणश्रेणी आयामसे उपरिवर्ती निषेकोंका नाम उपरितनस्थिति है। केवल उदीरणाके कथनमें उदयावलीसे उपरिवर्ती निषेकोंका नाम उपरितन स्थिति है।

विवक्षित प्रमाण लिये निचले निषेकोंका नाम **प्रथम स्थिति** है। पुनः उपरिवर्ती सर्वस्थितियोंके निषेकोंका नाम **द्वितीय स्थिति** है। उदाहरणार्थ, अन्तरायामसे निचले निषेकोंका नाम **प्रथम स्थिति** है। उपरले निषेकोंका नाम द्वितीय स्थिति है। अथवा संज्वलन क्रोधका जितना प्रमाण लिये प्रथमस्थिति स्थापित की गयी हो उसके निषेकोंका नाम प्रथम स्थिति है। अवशेष सर्व स्थितियोंके निषेकोंका नाम द्वितीय स्थिति है।

समुदाय रूप एक क्रियामें अलग-अलग खण्ड कर विशेष करनेका नाम **फालि** है। उदाहरणार्थ, काण्डक द्रव्यको काण्डकोत्करण कालमें अन्यत्र प्राप्त करना। वहाँ प्रथम समय जो प्राप्त किया वह काण्डककी **प्रथम फालि** है। द्वितीय समयमें जो प्राप्त किया वह **द्वितीय फालि**, इत्यादि। इसी प्रकार उपशमन कालमें प्रथम समय जितना द्रव्य उपशमाया, वह उपशमकी **प्रथम फालि** है; द्वितीय समय जो उपशमाया, वह **द्वितीय फालि** है, इत्यादि।

अन्य निषेकोंके परमाणुओंको अन्य निषेकोंमें मिलानेको अथवा देनेको **निक्षेपण** कहते हैं। दिये हुए निषेकोंको **निक्षेपण** रूप जानना चाहिए। द्वितीय स्थितिवाले निषेकोंके द्रव्यको प्रथम स्थितिवाले निषेकोंमें मिलानेकी **आगाल** संज्ञा है। प्रथम स्थितिवाले निषेकोंके द्रव्यको द्वितीय स्थितिके निषेकोंमें मिलानेकी **प्रत्यागाल** संज्ञा है। विवक्षितके कालका जो प्रमाण हो वही उसका काल है। उदाहरणार्थ, एक काण्डक के घात करनेका जो काल है उसका नाम **काण्डकोत्करण काल** है। वहाँ प्रथम समयमें प्रथम फालिका **पतन** जो निचले निषेकोंमें प्राप्त होना सो होता है। इसलिए प्रथम समयको प्रथम फालिका **पतन काल** कहते हैं। द्वितीय समयको द्वितीय फालिका पतनकाल कहते हैं। इसी प्रकार अन्त समयको **चरमफालि** का पतनकाल कहते हैं। उसके पूर्व समयको द्विचरमफालि पतन काल कहते हैं। जिस कालमें अन्तरकरण करते हैं उसका नाम **अन्तरकरण काल** है। जिस कालमें क्रोधको वेदता है, उसके उदयको भोगता है, उसका नाम **क्रोध वेदन काल है।**

आवली मात्र कालका अथवा उतने काल सम्बन्धी निषेकोंका नाम **आवली** है। वहाँ वर्तमान समयसे लेकर आवली मात्र कालको **आवली** कहते हैं। आवलीके निषेकोंको भी **आवली** या **उदयावली** कहते हैं। उसके उपरिवर्ती जो आवली है उसे **द्वितीयावली** कहते अथवा **प्रत्यावली** कहते हैं। बन्ध समयसे लगाकर आवली पर्यन्त उदीरणादि क्रिया जहाँ न हो सके उसका नाम **बन्धावली** या अचलावली अथवा **आबाधावली** है। द्रव्य निक्षेपण करते समय जिन आवली मात्र निषेकोंमें निक्षेपण नहीं करते हैं उसका नाम **अतिस्थापनावली** है। स्थिति सत्त्व घटते हुए जो आवलिमात्र स्थिति अवशेष रह जाये उसका नाम **उच्छिष्टावली** है। जिस आवलीमें संक्रमण पाया जाये उसे **संक्रमणावली** और जहाँ उपशमन करना पाया जाये उसे **उपशमावली** कहते हैं।

अन्तः नाम माहीका (?) है। उक्त प्रमाणसे कुछ कम होना—इसे **अन्तः** संज्ञा दी जातीहै। जैसे कोडाकोडीके नीचे और कोडीके ऊपर प्रमाणको **अन्तःकोटाकोटी** कहते हैं। मुहूर्तसे कम और आवलीसे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अधिकको अन्तर्मुहूर्त कहते हैं। दिवससे कुछ कमादिको अन्तर्दिवस कहते हैं। तीनके ऊपर और नौके नीचे प्रमाणका नाम पृथक्त्व है। दृष्टान्त अपेक्षा भी संज्ञाएँ होती हैं— जहाँ एक-एक चय घटते क्रममें निषेक पाये जाँय वहाँ गोपुच्छ संज्ञा है। द्रव्य देनेमें जहाँ ऊँटकी पीठिवत् हीनाधिकपना हो वहाँ उष्ट्रकूट संज्ञा है। जहाँ समान पट्टिकाके आकारवत् सर्वस्थानमें समान रचना हो वहाँ समपट्टिका संज्ञा है।

कर्म स्थिति वा अनुभाग रचनाओंमें एक-से करणसूत्रोंका उपयोग होता है। आय और व्यय द्रव्योंके सम्बन्धमें भी संक्रिया (?) जानने योग्य है।

करण सूत्रोंकी संप्रयुक्ति

नाना गुणहानिके सम्बन्धमें चय घटते हुए क्रमरूप द्रव्यके विभागका विधान है। सर्वप्रथम द्रव्य, स्थिति, गुणहानि, नानागुणहानि, दो गुणहानि और अन्योन्याभ्यस्त राशियोंका स्वरूप और प्रमाण जानना चाहिए। स्थिति रचनाके सम्बन्धमें यह उल्लेख है। विवक्षित समयमें ग्रहण किये समयप्रबद्ध प्रमाण परमाणु राशिका **द्रव्य** कहते हैं। उसकी आबाधा रहित स्थिति बन्धके समय राशिका प्रमाण है वह **स्थिति** है। वहाँ एक गुणहानिमें निषेकोंकी राशि प्रमाणको **गुणहानि आयाम** कहते है। स्थितिमें गुणहानियोंके प्रमाणको **नानागुणहानि** कहते हैं। गुणहानि आयामसे दुगुना प्रमाण **दो गुणहानि** कहलाता है। नाना गुणहानि मात्र दूवा (२ के अंक) विरलित कर, परस्पर गुणित करनेपर जो प्रमाण प्राप्त हो उसे **अन्योन्याभ्यस्त** राशि कहते हैं। **उदाहरणार्थ**—मिथ्यात्वका द्रव्य अपने समय प्रबद्ध मात्र है। स्थिति सत्तर कोड़ाकोड़ी सागर है। स्थितिमें नानागुणहानिका भाग देनेपर जो प्रमाण प्राप्त हो वह गुणहानि आयाम है। पल्यके अर्द्धच्छेदोमें-से पल्यकी वर्गशलाकाके अर्द्धच्छेद घटानेपर जो प्रमाण प्राप्त हो वह नानागुणहानि है। गुणहानि आयामसे दूना **निषेकहार** है। पल्यमें पल्यकी वर्गशलाकाओंका भाग देनेपर जो प्राप्त हो वह अन्योन्याभ्यस्त राशि (?) है। इसी प्रकार अन्य प्रकृतियोंका विवरण है।

अनुभाग रचनाके सम्बन्धमें विवक्षित कर्म प्रकृतिके परमाणुओंका प्रमाण **द्रव्य** है। सर्व वर्गणाओंका जो प्रमाण है वह **स्थिति** है। एक गुणहानिमें वर्गणाओंके प्रमाणको **गुणहानि आयाम** कहते हैं। स्थितिमें गुणहानियोंके प्रमाणको **नानागुणहानि** कहते हैं। दूना गुणहानि मात्र **निषेकहार** है। नाना गुणहानि मात्र दूवोंको विरलित कर परस्पर गुणित करनेपर **अन्योन्याभ्यस्त** राशि प्राप्त होती है। इन छहोंका प्रमाण हीनाधिकपन लिये अनन्त प्रमाण है।

काण्डकादि द्रव्य ग्रहण कर यथायोग्य निषेकोंमें निक्षेपण करने सम्बन्धी निम्नप्रकार है। जितना द्रव्य ग्रहण किया हो वह प्रमाण मात्र **द्रव्य** है। जितने निषेकोंमें देना हो उनका प्रमाण मात्र **स्थिति** है। **गुणहानि**का प्रमाण बन्धकी स्थिति रचनामें जितना कहा उतना है। इसका भाग यहाँ सम्भव स्थितिमें देनेपर **नानागुणहानि**का प्रमाण प्राप्त होता है। दूना गुणहानि मात्र निषेकहार है। नानागुणहानि मात्र दूवों (२ के अंकों) को विरलित कर परस्पर गुणित करनेपर **अन्योन्याभ्यस्त** राशि है।

उदाहरण : अंकसंदृष्टि अनुसार मान लो द्रव्य ६३००, स्थिति ४८, गुणहानि ८, नानागुणहानि ६, दो गुणहानि १६, अन्योन्याभ्यस्त राशि $२^{६}$ अथवा ६४ है। निषेकोंमें द्रव्यका प्रमाण लानेके लिए सूत्र, "दिवड्ढगुणहानिभाजिदे पढमा" है। अर्थात् सर्व द्रव्यमें साधिक डेढ़ गुणहानिका भाग देनेपर प्रथम निषेकका द्रव्य होता है। जैसे ६३०० में साधिक १२ का भाग देनेपर ५१२ होता है। पुनः, "तं दो गुणहाणिणा

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भजिये पचयं" सूत्रसे प्रथम निषेकमें दो गुणहानिका भाग देनेपर चयका प्रमाण आता है। जैसे ५१२ में १६ का भाग देनेपर ३२ होता है। यह द्वितीयादि निषेकोंमें एक-एक चय घटता प्रमाण प्राप्त कराता है। यथा, ४८० आदि।

इस क्रममें जिस निषेकमें प्रथम निषेकसे आधा प्रमाण द्रव्य हो वहाँसे दूसरी गुणहानि प्रारम्भ हो जाती है। जैसे यहाँ दूसरी गुणहानिका प्रथम निषेक ५१२ ÷ २ = २५६ होगा। यहाँ चयका प्रमाण भी प्रथम गुणहानिके चयसे आधा होगा, अर्थात् १६ होगा। इत्यादि।

अन्तिम गुणहानिका अन्तिम निषेक	९	१८	३६	७२	१४४	२८८	
	१०	२०	४०	८०	१६०	३२०	
	११	२२	४४	८८	१७६	३५२	
	१२	२४	४८	९६	१९२	३८४	
	१३	२६	५२	१०४	२०८	४१६	
	१४	२८	५६	११२	२२४	४४८	
	१५	३०	६०	१२०	२४०	४८०	प्रथम गुणहानिका
	१६	३२	६४	१२८	२५६	५१२	प्रथम निषेक

इसी प्रकार अनुभाग रचना होती है। जैसे यहाँ द्रव्यादिका प्रमाण जानते हैं, उसी प्रकार अनुभाग रचनामें भी जानते हैं। जैसे यहाँ निषेकोंमें परमाणु संख्याका प्रमाण निकालते हैं, वैसे ही अनुभाग रचनामें वर्गणाओंमें परमाणु संख्याका प्रमाण प्राप्त करते हैं। इसी प्रकार देने योग्य द्रव्यमें भी।

उदाहरण : एक योग्य स्थानमें नानागुणहानि दो बार असंख्यात द्वारा भाजित पल्य मात्र; एक गुणहानिमें स्पर्धकोंका प्रमाण दो बार असंख्यात द्वारा भाजित श्रेणिमात्र; एक स्पर्धकमें वर्गणाओंका प्रमाण असंख्यात द्वारा भाजित श्रेणिमात्र; एक वर्गणामें वर्गोंका प्रमाण असंख्यात जगत्प्रतर मात्र; तथा एक वर्गमें अविभाग प्रतिच्छेद असंख्यात लोकमात्र हैं। इनकी अर्थ संदृष्टि और अंक संदृष्टि निम्नप्रकार हैं—

नाम	एक वर्गमें अविभाग प्रतिच्छेद	एक वर्गणामें वर्ग	एक स्पर्धकमें वर्गणा	एक गुणहानिमें स्पर्धक	एक स्थानमें गुणहानि (नाना गुणहानि)	स्थान
अर्थ संदृष्टि	$\equiv\!\equiv a$	$= a$	$\overline{a}$	$\overline{a\ a}$	$\frac{प}{a\ a}$	१
अंक संदृष्टि	८	२५६	४	९	५	१

एक स्थानमें स्पर्धकों और वर्गणाओंके प्रमाण निकालने सम्बन्धी त्रैराशिक—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रमाण	फल	इच्छा	लब्ध
गुणहानि १	स्पर्धक — a a	गुणहानि प a a	एक स्थान स्पर्धक —— प a a a a
स्पर्द्धक १	वर्गणा — a	स्पर्द्धक — प aa a a	एक स्थान वर्गणा — प — aa a a a

यहाँ एक स्थानमें वर्गोंका प्रमाण जीव प्रदेश मात्र ≡ हैं। अविभागी प्रतिच्छेदोंका प्रमाण असंख्यात लोकमात्र ≡a a हैं। यहाँ द्रव्यादिका प्रमाण निम्न प्रकार है—

नाम	द्रव्य	स्थिति	गुणहानि	नाना गुणहानि	दो गुणहानि	अन्योन्याभ्यस्त
अंक संदृष्टि	३१००	४०	८	५	१६	३२
अर्थ संदृष्टि	≡a	— a	— aa	प aa	— २ aa	प a

उपरोक्त प्रकार सूत्रोंसे यह सिद्ध होता है। विशेष विवरणके लिए गो. सा. अर्थसंदृष्टि, पृ. २३२ आदि देखिये।

यदि द्रव्य स्तोक हो और उसे निषेकोंमें निक्षेपित करना हो वहाँ गुणहानिकी रचना सम्भव नहीं है। वहाँ निम्नविधि अपनाते हैं—

जिस प्रकार एक गुणहानिके निषेकोंमें द्रव्यके प्रमाण लानेका विधान है, उसी प्रकार, "अद्धाणेण सव्वधणे खंडिदे मज्झिमधणमागच्छदि" इत्यादि विधानसे वहाँ प्रथमादि निषेकोंका प्रमाण प्राप्त करना चाहिए। विशेष इतना है कि यहाँ जितने निषेकोंमें द्रव्य देना हो उतने ही प्रमाण गच्छ स्थापित करना चाहिए। और जितना द्रव्य वहाँ देने योग्य हो उस प्रमाण द्रव्यको स्थापित करना चाहिए। इस प्रकार करनेपर जो प्रथमादि निषेकोंका प्रमाण आवे उतने द्रव्यको विवक्षितके पूर्व वाले सत्तारूपी जो प्रथमादि निषेक पाये जायें उनमें मिला देना चाहिए। उदयावलीमें द्रव्य देना हो वहाँ, अथवा स्तोक स्थिति शेष रहने पर उपरितन स्थितिमें द्रव्य देना हो वहाँ; अथवा अन्यत्रके लिए ऐसा विधान जानना चाहिए।

पुनः गुणश्रेणि आयाम आदिमें द्रव्य निक्षेपित करनेका निम्न विधान है—"प्रक्षेपयोगोद्धतमिश्रपिण्डं प्रक्षेपाकाणां गुणको भवेदिति।" जैसे सीरके द्रव्यका नाम मिश्र पिण्ड है। सीरीनिके बिसवाओंका नाम प्रक्षेप है। सो प्रक्षेपको जोड़कर उसका भाग मिश्रपिण्डको देते हैं। जो एक भाग प्रमाण आता है वह प्रक्षेपक अपने-अपने बिसवेका गुणकार होता है। इनको परस्पर गुणित करने पर जो जो प्रमाण आवे वही वही अपने अपने बिसवाके स्वामी जो सीरी है उनका द्रव्य जानना चाहिए। यहाँ सीरका द्रव्य मिश्रपिण्ड १७०० है, सीरीनिके बिसवेका एकका १, दूसरेके ४, तीसरेके १६, चौथेके ६४, ये प्रक्षेप हैं। इनका योग ८५ है। ८५ का भाग मिश्रपिण्डको देनेपर २० प्राप्त हुआ। इसके द्वारा अपने अपने प्रक्षेप बिसवोंको गुणित करनेपर पहलेका २०, दूसरेका ८०, तीसरेका ३२०, चौथेका १२८० द्रव्य प्राप्त होता है। इसी प्रकार गुणश्रेणी आयाममें जितना द्रव्य देना हो उसे मिश्रपिण्ड जानना चाहिए। पुनः गुणश्रेणी आयामके प्रथम समयकी एक शलाका, द्वितीय समयकी उससे असंख्यात गुणी शलाकाएँ, तृतीय समयकी उससे भी असंख्यात गुणी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शलाकाएँ—ऐसे ही असंख्यात गुणा क्रम लिये उसके अन्तिम समय पर्यंतकी शलाकाएँ जानना चाहिए। इसका नाम **प्रक्षेपक** है। इनको जोड़नेपर जो प्रमाण आवे उसका भाग उस सर्वद्रव्यको देनेपर जो प्रमाण हो उसके द्वारा अपनी अपनी शलाकाओंके प्रमाणको गुणित करनेपर गुणश्रेणी आयामके प्रथमादि समय सम्बन्धी निषेकोंमें द्रव्य देनेका प्रमाण आता है। इतना-इतना द्रव्य **गुणश्रेणी आयामके** प्रथमादि निषेकोंमें मिलाना चाहिए। यह विधान **गुणसंक्रममें** भी जानना चाहिए। वहाँ जो गुणसंक्रमण कालके प्रथमादि समय सम्बन्धी एक आदि क्रमसे असंख्यातगुणी शलाकाएँ **प्रक्षेपक** हैं। जो गुणसंक्रमण द्वारा अन्य प्रकृति रूप परिणमावने योग्य सर्वद्रव्य **मिश्रपिण्ड** है। प्रक्षेपकोंके जोड़का भाग मिश्रपिण्डमें देकर लब्ध द्वारा अपनी अपनी शलाकाओंको गुणित करने पर संक्रमणकालके प्रथमादि समयोंमें अन्य प्रकृतिरूप परिणमावने योग्य द्रव्यका प्रमाण आता है। इसी प्रकार अन्यत्र भी यथासम्भव मिश्रपिण्ड और प्रक्षेपकोंका प्रमाण जानकर जैसा जहाँ सम्भव हो वहाँ वैसा जानना चाहिए। सत्तामें प्राप्त निषेकोंके द्रव्यको ज्ञात करनेका विधान निम्न प्रकार है—

विवक्षित कोई समयमें जो सत्ता रूप कर्मपरमाणुओंका द्रव्य हो वहाँ स्थिति सत्त्वका प्रथम समय वर्तमान है। उसीमें उदय आने योग्य जो द्रव्य है वही प्रथम निषेकका द्रव्य है। उसका प्रमाण सम्पूर्ण समय प्रबद्ध मात्र साधारणतः है।

[अंक संदृष्टि द्वारा सत्त्वका निरूपण—यहाँ केवल एक समय प्रबद्ध आस्रवको लेकर सबसे सरल रचना की गयी है। वास्तवमें योग कषाय एवं परिणाम गत फल दुर्गम है।]

वर्तमानसे सम्पूर्णस्थिति पर्यन्त रचना ←	४८	४७	४६	४५	४४	४३	४२	४१	० ० ०	५	४	३	२	१	
														९	अन्तिम गुणहानि
													९	१०	
												९	१०	११	
											९	१०	११	१२	
										९	१०	११	१२	१३	
										१०	११	१२	१३	१४	
										११	१२	१३	१४	१५	
										१२	१३	१४	१५	१६	
										०	०	०	०	०	आस्रव →
										०	०	०	०	०	
										०	०	०	०	०	
								९	० ० ०	२०८	२२४	२४०	२५६	२८८	प्रथम गुणहानि
							९	१०	० ० ०	२२४	२४०	२५६	२८८	३२०	
						९	१०	११	० ० ०	२४०	२५६	२८८	३२०	३५२	
					९	१०	११	१२	० ० ०	२५६	२८८	३२०	३५२	३८४	
				९	१०	११	१२	१३	० ० ०	२८८	३२०	३५२	३८४	४१६	
			९	१०	११	१२	१३	१४	० ० ०	३२०	३५२	३८४	४१६	४४८	
		९	१०	११	१२	१३	१४	१५	० ० ०	३५२	३८४	४१६	४४८	४८०	
विभिन्न समयोंमें शेष	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	० ० ०	३८४	४१६	४४८	४८०	५१२	
परमाणुओंका योग ←	९	१९	३०	४२	५५	६९	८४	१००		४४४४	४८६०	५३०८	५७८८	६३००	

↓

उदय

इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है। पूर्ववर्ती समय समय प्रति समय प्रबद्ध बाँधे उनमें जिस समयप्रबद्धका एक भी निषेक पूर्वमें नहीं गला है उसका प्रथम निषेक इस वर्तमानमें उदय होने योग्य ५१२ है। जिसका एक निषेक पूर्वमें गल गया उसका दूसरा निषेक ४८० इस वर्तमान समयमें उदय होने योग्य है। इसी क्रमसे जिस समयप्रबद्धका एक निषेक छोड़कर अवशेष सर्व निषेक पूर्वमें गल चुके हों उसका अन्तिम निषेक ९ इस समयमें उदय होने योग्य है। इस प्रकार इन सभी ४८ समयप्रबद्धोंके एक एक निषेक मिलकर इस विवक्षित वर्तमान समयमें उदय आने योग्य सम्पूर्ण एक समय प्रबद्ध मात्र द्रव्य हुआ—यही सत्ताका प्रथम निषेक है। इसका प्रमाण ६३०० है। पुनः स्थितिसत्त्वके दूसरे समयमें उदय आने योग्य द्रव्य प्रथम निषेक घटा हुआ समयप्रबद्ध मात्र होता है। इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है—प्रथममें जिस समयप्रबद्धका प्रथम निषेक गले उसका दूसरा निषेक है। जिसका दूसरा निषेक गले उसका तीसरा निषेक इत्यादि क्रमशः दूसरे समय उदय आने योग्य निषेक होते हैं—ये सभी मिलकर प्रथम निषेक ५१२ कम समयप्रबद्ध मात्र अर्थात् यहाँ ५७८८ होता है। इसी प्रकार स्थितिसत्त्वके तृतीय समयमें उदय आने वाला निषेक ५१२ एवं ४८० कम समयप्रबद्ध मात्र, अर्थात् ५३०८ होता है। अन्ततः अन्त समयमें उदय आने वाला निषेक यहाँ ९ होगा।

उपर्युक्त सत्ताके सभी निषेकोंका योग किंचिद् ऊन द्व्यर्ध गुणहानि गुणित समय प्रबद्ध मात्र होता है। यही सत्त्व द्रव्य है। यहाँ अंक संदृष्टि अनुसार ६३०० + ५७८८ + ५३०८ + ... + ११ + १० + ९ का योग ७१३०४ है। गुणहानि आयाम ८ के ड्योढ़े १२ से कुछ कमका गुणा समय प्रबद्ध प्रमाण ६३०० में करने पर भी ७१३०४ आता है। यह विवरण गोम्मटसारमें विशदरूपसे वर्णित है।

जिस प्रकार स्थिति सत्त्व रचनामें आय व्ययका विधान है, उसी प्रकार अनुभाग सत्त्व रचनामें भी वर्गणाओंका प्रमाण पूर्वोक्त प्रकार लाना चाहिए और वर्गणाओंमें यथा सम्भव द्रव्य निकालते अथवा मिलाते पूर्वोक्त प्रकार चय घटता क्रमका रहना अथवा न रहना ज्ञात करना चाहिए।

उपरोक्त विवरण मुख्यतः पण्डित टोडरमल कृत लब्धिसारकी टीकाकी पीठिकासे लिया गया है।

स्पष्ट है कि त्रिकोण यन्त्र सम्बन्धी रचना जब अर्थ संदृष्टि मय रूप लेगी तब उपरोक्त विवरणमें बीजगणितका प्रवेश हो जावेगा। और भी गहराईमें जानेहेतु आधुनिक रूपमें विकसित मेट्रिक्स यान्त्रिकी, नवीन बीजगणित, स्थलविज्ञान (Topology), तथा अन्य विश्लेषक कलनोंका उपयोग करना होगा। कारण यह है कि समयप्रबद्धमें विभिन्न प्रकृतियों मय कर्म परमाणुकी प्रदेश संख्या, उनकी स्थिति तथा अनुभाग अंश न केवल योग कषायादिके अनुसार परिणमित होते हैं, किन्तु इनकी मन्दता होनेपर विशुद्धिके अनुसार भी परिणमित होने लगते हैं। और ये घटनाएँ सूक्ष्म जगत्में होनेके कारण, साथ ही समूह रूपमें होनेके कारण, सहज होते हुए भी कूटस्थ विश्लेषणका विषय बन जाती हैं।

अगले पृष्ठोंमें अर्थ संदृष्टि मय कुछ प्रकरण प्रस्तुत किये जायेंगे जिनसे उन विधियोंका ज्ञान हो सकेगा जो जैन स्कूलमें कर्म सिद्धान्तके सूक्ष्म विवेचन हेतु उपयोगमें लायीं गयीं। मुख्यतः वे वही हैं जिन्हें पारिभाषिक रूपसे ऊपर वर्णित किया जा चुका है, और अब उन्हें प्रयोग रूपमें गणितीय परिधानमें कुछ चुने हुए प्रकरण लेकर स्पष्ट किया जायेगा। गणितीय प्रणालीके इस प्राचीन रूपको आधुनिक सांचेमें ढालनेका प्रयास किया जा रहा है और आने वाली पीढ़ीके शोधार्थीके लिए इस गूढ़ विषयको और भी अथक एवं अगम्य प्रयासों द्वारा विश्लेषित क ने हेतु यह सामग्री एक दिशा दे सकेगी।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विगत पृष्ठोंमें अधःप्रवृत्तकरण सम्बन्धी संदृष्टि बतलायी गयी है। यहाँ अपूर्वकरणके सम्बन्धमें गणितीय प्रक्रिया बतलायेंगे।

अर्थ संदृष्टि द्वारा अपूर्वकरणमें समस्त परिणामधन श्रे^{3} ə श्रे^{3} ə होता है। गच्छ दो बार संख्यात गुणित आवली प्रमाण, अपूर्वकरणका कालमात्र आ **२२** होता है। यहाँ **२** संख्यात है। आ आवलि, श्रे जगश्रेणी और ə असंख्यात है।

[1]इस प्रकार चय $= \dfrac{\text{सर्व द्रव्य}}{(\text{गच्छ})^2\ (\text{संख्यात})} = \dfrac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə}{(\text{आ २२})\ (\text{आ २२})\ (\text{२})}$

इसी प्रकार,

$$\text{चयधन} = \left(\frac{\text{गच्छ}-१}{२}\right)(\text{ चय })(\text{ गच्छ })$$

$$= \left(\frac{\text{आ २२}-१}{२}\right)\left(\frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə}{(\text{आ २२})\ (\text{आ २२})\ (\text{२})}\right)(\text{आ २२})$$

$$= \frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ (\text{आ २२}-१)\ (\text{आ २२})}{(\text{आ २२})\ (\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२)}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ (\text{आ २२}-१)}{(\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२)}$$

आगे, सर्वधन–चयधन

$$= \text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə - \frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ (\text{आ २२}-१)}{(\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२)}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ (\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२) - \text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ (\text{आ २२}-१)}{(\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२)}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ [\text{आ २२}\ \{(\text{२})\ (२)-१\} + \text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə}{(\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२)}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ [\text{आ २२}\ \{(\text{२})\ (२)-१\} + १]}{(\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२)}$$

अब प्रथम समय सम्बन्धी परिणाम संख्या

$$= \frac{\text{सर्वधन} - \text{चयधन}}{\text{गच्छ}}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^3\ ə\ \text{श्रे}^3\ ə\ [\text{आ २२}\{(\text{२})\ (२)-१\}+१]}{(\text{आ २२})\ (\text{आ २२})\ (\text{२})\ (२)}$$

---

१. यहाँ चय निकालनेमें सूत्रमें जो संख्यातका उपयोग हुआ है, वह महत्त्वपूर्ण है। कुट्टीकार विधिसे इसका ठीक मान निकालना महावीराचार्यने गणितसार संग्रहमें बतलाया है, क्योंकि यह एक अज्ञात राशि है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्वितीय समय सम्बन्धी परिणाम संख्या

= प्रथम समय सम्बन्धी परिणाम संख्या + चय

$$= \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,[\text{आ ११}\,\{(\text{१})(\text{२}) - \text{१}\} + \text{१}]}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})\,(\text{२})} + \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,[\text{आ ११}\{(\text{१})\,(\text{२}) - \text{१}\} + \text{३}]}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})\,(\text{२})}$$

इस प्रकार एक-एक चय मिलाते एक कम गच्छ मात्र चय प्रथम समय सम्बन्धी परिणाम संख्यामें मिलानेपर अन्त समय सम्बन्धी परिणाम संख्या होती है।

अन्त समय सम्बन्धी परिणाम संख्या

= प्रथम समय सम्बन्धी परिणाम संख्या + (गच्छ − १) (चय)

$$= \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,[\text{आ ११}\,\{(\text{१})\,(\text{२}) - \text{१}\} + \text{१}]}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})\,(\text{२})}$$

$$+ (\text{आ ११} - \text{१})\,\frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,[\text{आ ११}\{(\text{१})\,(\text{२}) + \text{१}\} - \text{१}]}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})}$$

उपर्युक्तमें-से दो द्वारा समच्छेद किया हुआ एक चय घटानेपर उपान्त समय सम्बन्धी परिणाम पुंज प्राप्त होता है।

उपान्त समय सम्बन्धी परिणामपुंज

= (अन्त समय सम्बन्धी परिणाम संख्या) − (चय)

$$= \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,[\text{आ ११}\{(\text{१})\,(\text{२}) + \text{१}\} - \text{१}]}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})\,(\text{२})} - \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})}$$

$$= \frac{\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,\text{श्रे}^{3}\,\text{a}\,[\text{आ ११}\,\{(\text{१})\,(\text{२}) + \text{१}\} - \text{३}]}{(\text{आ ११})\,(\text{आ ११})\,(\text{१})\,(\text{२})}$$

इस प्रकार अपूर्वकरणमें संदृष्टि कही गयी है। इसमें अनुकृष्टि रचना नहीं होती है। अधःप्रवृत्तकरणमें विशेष विशुद्धता किये हुए परिणामोंके होनेपर भी गुणश्रेणी निर्जरा, गुण संक्रमण, स्थितिकाण्डोत्करण, अनुभागकाण्डोत्करण—ये चार आवश्यक नहीं होते हैं, परन्तु अपूर्वकरण परिणामोंके द्वारा ये होते हैं। कारण कि त्रिकालवर्ती नाना जीव सम्बन्धी अपूर्वकरण रूप विशुद्ध परिणाम सर्व भी अधःप्रवृत्त परिणामोंसे असंख्यात लोक गुणित होकर इस योग्यताको प्राप्त होते हैं। अपूर्वकरणके कालमें प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय पर्यन्त परिणाम स्थान असंख्यात लोक बार षट्स्थान पतित वृद्धिको लिये हुए जघन्य मध्यम उत्कृष्ट भेदसे युक्त होते हैं। उनके प्रतिसमय और प्रत्येक परिणामस्थानके प्रति विशुद्धिके अविभाग प्रतिच्छेदोंका प्रमाण अवधारण हेतु अल्पबहुत्व निम्न प्रकार है—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

